वर्ष : 33 ▸ अंक : 145 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 10 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

## शरद पवार की पार्टी ने क्या कहा?



मविआ का तीसरा घटक राकांपा (शपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल मुख्यमंत्री पद के चेहरे के सवाल को ही यह कहकर टाल जाते हैं कि पहले भाजपा नीत गठबंधन महायुति से पूछिए कि उनका मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है? यहां यह याद करना प्रासंगिक होगा कि 2019 में जब शिवसेना ने भाजपा का साथ छोड़कर कांग्रेस-राकांपा के साथ आने का फैसला किया था, तो राकांपा नेता शरद पवार ने बिना शर्त उद्धव ठाकरे को पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बनाने की सिफारिश कांग्रेस से की थी।


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## संजय राउत ने कर दिया ये बड़ा एलान



शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत का कहना है कि बिना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए चुनाव में उतरना घातक होगा। वह तर्क देते हैं चूंकि केंद्र की राजनीति में शिवसेना (यूबीटी) प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी का समर्थन करती है। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस भी उद्धव ठाकरे का समर्थन करे।

# मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर महाविकास आघाड़ी में रार

### कांग्रेस चाहती है ज्यादा सीटें जीतने पर हो घोषित सीएम ● संजय राउत ने बिना सीएम फेस के चुनाव में जाने को बताया घातक

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (मविआ) में आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरे को लेकर तकरार शुरू हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) चाहती है कि उद्धव ठाकरे के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाए, जबकि कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने साफ कर दिया है कि मविआ कोई चेहरा आगे करके चुनाव नहीं लड़ेगी। चुनाव में जिसकी सीटें ज्यादा आएंगी, उसका ही मुख्यमंत्री बनेगा।



### महाविकास आघाड़ी में शुरू हुई खींचतान

उद्धव बनाम 'अनाम' सीएम को लेकर घटक दलों में खींचतान हो गई है। उद्धव ठाकरे तीन दिन की दिल्ली यात्रा करके वापस लौटे हैं। उन्होंने वहां कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की। वह मुख्यमंत्री पद की दावेदारी के लिए समर्थन जुटाने के उद्देश्य से ही दिल्ली गए थे। उनकी पार्टी ने तो उन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रचारित करना भी शुरू कर दिया।

### क्या होगा सीट बंटवारे का फॉर्मूला?

सूत्रों के अनुसार दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं राकांपा (शपा) के अध्यक्ष शरद पवार से उद्धव ठाकरे की मुलाकात के दौरान सीटों के बंटवारे पर भी प्रारंभिक चर्चा हुई। इसमें तय हुआ कि सीट बंटवारे के समय कांग्रेस सबसे ज्यादा, शिवसेना (यूबीटी) उससे कम और राकांपा (शपा) सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी। संभवतः यह फॉर्मूला हाल के लोकसभा चुनाव में मिली सीटों के आधार पर तय किया जा रहा है। इसमें कांग्रेस को 14 (एक निर्दलीय सहित), शिवसेना (यूबीटी) को नौ और राकांपा (शपा) को आठ सीटें मिली हैं, लेकिन मसला सीट बंटवारे से बड़ा मुख्यमंत्री पद के चेहरे का है।

### कांग्रेस इस बात से नहीं है सहमत



लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें लेकर आने वाली कांग्रेस संजय राउत के इस तर्क से सहमत नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने साफ कहा है कि जब हम चुनाव में उतरते हैं, तो किसी का चेहरा पेश कर नहीं उतरते। किसी को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश करने की जरूरत भी नहीं है। क्योंकि हम महाविकास आघाड़ी के घोषणापत्र को सामने रखकर चुनाव लड़ेंगे। चुनाव में जिसकी सीटें ज्यादा आती हैं, उसका मुख्यमंत्री बनता है। बता दें कि पृथ्वीराज चव्हाण 1995 में बनी शिवसेना-भाजपा एवं 1999 में बनी कांग्रेस-राकांपा की सरकारों के फार्मूले को याद करते हुए ही यह बात कह रहे हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि जैसे लोकसभा चुनाव में उसकी सीटें अपने दोनों सहयोगी दलों से ज्यादा आईं, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी उसी की सीटें ज्यादा आएंगी। वह अभी से मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा छोड़ने की स्थिति नहीं पैदा करना चाहती।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## एनसीपी शरद पवार गुट की शिव स्वराज्य यात्रा

**पुणे।** एनसीपी शरद चंद्र पवार पार्टी की शिव स्वराज्य यात्रा किले शिवनेरी के पहले चरण की यात्रा के साथ शुरू हो गई है। शिव स्वराज्य यात्रा के पहले दिन शिवनेरी किले पर जुन्नार शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते समय एक चौंकाने वाली घटना हुई। प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर जयंत पाटील, डॉ अमोल कोल्हे, रोहिणी खडसे और मेहबूब शेख क्रेन ट्रॉली में चढ़े थे। हार पहनने के बाद ट्रॉली से उतारते समय ट्रॉली में खराबी आ गई। इसके चलते वहां हंगामा मच गया। क्रेन ट्रॉली की खराबी के कारण वह एक तरफ थोड़ी झुक गई और उपस्थित लोगों का ध्यान उस पर नहीं गया। क्रेन ऑपरेटर ने समय रहते धीरे-धीरे ट्रॉली को नीचे उतारा। ये सब देखकर नीचे मौजूद लोग हैरान रह गए। सौभाग्य से सभी बच गए, लेकिन खबर है कि अमोल कोल्हे मामूली रूप से घायल हो गए हैं। बताया गया है कि अगर क्रेन ऑपरेटर ने तेजी न दिखाई होती से चारों नेता ऊपर से नीचे गिर सकते थे। जिससे बड़ी अनहोनी हो सकती थी। दरअसल एनसीपी शरद चंद्र पवार की पार्टी की शिव स्वराज्य यात्रा आज से शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत शिवनेरी किले से की गई। शिवनेरी के बाद ये सभी नेता जुन्नार शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। सभी नेता क्रेन से जुड़ी ट्रॉली की मदद से ऊपर चढ़े। नीचे उतरते समय क्रेन की ट्रॉली में खराबी आने पर जयंत पाटिल और अमोल कोल्हे अपना संतुलन खो बैठे। जयंत पाटिल, रोहिणी खडसे और मेहबूब शेख सुखरूप सुरक्षित हैं और अमोल कोल्हे को मामूली चोटें आई हैं।

## प्रेमिका की हत्या के बाद युवक ने झील में कूदकर दी जान

**नवी मुंबई।** दमकल विभाग और पुलिस ने शुक्रवार को 22 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया जिसने कथित तौर पर नवी मुंबई में अपनी प्रेमिका की हत्या करने के बाद झील में कूदकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहायक आयुक्त मयूर भुजबल ने बताया कि शुक्रवार सुबह वाघोली इलाके में स्वास्तिक पाटिल नामक एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया। उन्होंने बताया कि पनवेल निवासी पाटिल ने बुधवार को अपनी 19 वर्षीय प्रेमिका भाविका मोरे की गला घोंटकर हत्या करने के बाद कथित तौर पर एक पुल से डीपीएस झील में छलांग लगा दी। कॉलेज छात्रा भाविका और पाटिल पिछले दो साल से रिलेशनशिप में थे। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सुदूर स्थान पर तीखी बहस के बाद गुस्से में आकर पाटिल ने अपनी प्रेमिका को गला घोंटकर उसे मार डाला था।

# ऑडिटोरियम जलकर खाक

### छत्रपति शाहू महाराज के शासनकाल में बना था ऑडिटोरियम

### ▸▸ सीएम शिंदे ने दिए जांच के आदेश

**दोपहर संवाददाता । कोल्हापुर**

पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर में छत्रपति शाहू महाराज के शासनकाल में 100 साल से भी अधिक समय पहले बना एक ऑडिटोरियम भीषण आग में जलकर खाक हो गया, जिसके बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जिला अधिकारियों ने बताया कि कोल्हापुर की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करने वाला ऑडिटोरियम, केशवराव भोसले नाट्यगृह, गुरुवार रात लगी आग में जलकर खाक हो गया।

### छत्रपति शाहू महाराज की पहल पर बना था ऑडिटोरियम





इस ऐतिहासिक स्थल का निर्माण 1915 में छत्रपति शाहू महाराज की पहल पर किया गया था, जिन्होंने 1884 से 1922 के बीच कोल्हापुर रियासत पर शासन किया था और अपने सामाजिक सुधारों के लिए जाने जाते हैं। दिवंगत गायक-अभिनेता केशवराव भोसले के नाम पर बना यह ऑडिटोरियम शहर के खासबाग इलाके में स्थित था। इसका प्रबंधन कोल्हापुर नगर निगम (केएमसी) द्वारा किया जाता था। एक दमकल अधिकारी ने बताया, आग गुरुवार रात करीब 9 .45 बजे लगी थी। सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर भेजे गए और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। आखिरकार रात करीब 11 .30 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

### शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग

जिला प्रशासन के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है। ठाणे जिले में सीएम एकनाथ शिंदे ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि उन्होंने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उसी स्थान पर प्राथमिकता के आधार पर एक नया ऑडिटोरियम बनाया जाए। कोल्हापुर के संरक्षक मंत्री हसन मुश्रीफ ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि आग की जांच की जाएगी।

### फिर से उसी जगह बनेगा नया ऑडिटोरियम

उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 109 साल पहले राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज द्वारा बनवाया गया यह ऑडिटोरियम आग में जलकर खाक हो गया। रोम से लौटने पर शाहू महाराज ने स्थानीय रंगमंच कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए यहां एक ऑडिटोरियम बनवाने का फैसला किया था... कोई सोच भी नहीं सकता था कि ऑडिटोरियम इस तरह नष्ट हो जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस कार्य के लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि दिए जाने के बाद ऑडिटोरियम का जीर्णोद्धार किया गया था। मुश्रीफ ने कहा, हम कोल्हापुर के खोए हुए गौरव को पुनः स्थापित करेंगे। हम इस कार्य के लिए धन जुटाने का प्रयास करेंगे।

### घटना की होगी जांच- CM शिंदे


मुंबई-नासिक हाईवे के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, मैंने कोल्हापुर ऑडिटोरियम आग की घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। मैंने इस संबंध में कोल्हापुर नगर निगम के आयुक्त को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, कोल्हापुर के लोगों का इस ऑडिटोरियम से गहरा नाता है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने आगे कहा कि बिना समय गंवाए सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उसी स्थान पर एक नया ऑडिटोरियम बनाया जाए। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि ऑडिटोरियम कोल्हापुर की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। उन्होंने घटना की जांच की भी मांग की। कोल्हापुर के सांसद छत्रपति शाहू महाराज और उनके बेटे और पूर्व सांसद छत्रपति संभाजी ने भी साइट का दौरा किया।

# धारावी पुनर्विकास के लिए नहीं मिल रही जगह

### वडाला साल्ट पैन के लिए केंद्र सरकार ने नहीं दी मंजूरी

**धीरज सिंह । मुंबई**

धारावी पुनर्विकास के लिए जगह मिलना मुश्किल साबित हो रहा है। केंद्र सरकार ने वडाला साल्ट पैन पर बनाए जाने वाले घरों के प्रस्ताव को अनुमति नहीं दी है। अधिकारी ने बताया कि धारावी रेडेवेलोप्मेन्ट प्रोजेक्ट के पुनर्विकास के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा गया था, जिसमे वडाला के साल्ट पैन का उल्लेख किया गया था। लेकिन इस जगह पर लोगों का पुनर्वसन करने के लिए मंजूरी नहीं दी गई। मुलुंड की जगह के बारे में पूछे जाने पर भी कहा गया कि वो जगह भी डीआरपीपीएल के हाथ अब तक नहीं लग सकी है। बता दें कि मुंबई में धारावी पुनर्विकास का मुद्दा गरमाया हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस मामले को लेकर अग्रसर है। हालांकि धारवी में करीब 10,000 घरों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद पात्र लोगों को घर दिया जाएगा, साथ ही अपात्र लोगों को भी कुछ राशि लेकर घर दिया जाएगा। लेकिन उनके पुनर्विकास के लिए अब तक जगह नहीं मिलना, प्रोजेक्ट में देरी ला सकती है।



### केंद्र सरकार को भेजा गया था पत्र

फरवरी में राज्य मंत्रिमंडल ने धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए केंद्र सरकार से मुंबई के साल्ट पैन की 283 एकड़ जमीन मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। बता दें कि केंद्र के स्वामित्व वाली साल्ट पैन की जमीन कांजुरमार्ग, वडाला और भांडुप के बीच फैली हुई है। जिसका उद्देश्य धारावी के अयोग्य झोपड़पट्टी वासियों के लिए किराए के आवास योजना बनाना था।

### नहीं मिली मंजूरी

- वडाला में सुलेमान शाह साल्ट पैन लैंड -28 एकड़
- मुलुंड की 2 लैंड – 64 एकड़ (चल रही बात)

### अब भी बाकी है निर्णय

- आर्थर साल्ट वर्कर्स लैंड -120 .5 एकड़
- कांजुरमार्ग में जेनकिंस साल्ट वर्क्स लैंड -77 एकड़

### करीब 10 हजार घरों का सर्वे पूरा

मार्च 2024 से अब तक 9630 झोपड़ियों का सर्वे पूरा हो चुका है। इस दौरान सर्वे कर रहे अधिकारियों को कई कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा। हालांकि अब वहां के रहवासियों से सहयोग मिलना शुरू हो गया है। सर्वेक्षण अधिकारियों ने कहा है कि सर्वेक्षण में शामिल 9 हजार 630 झुग्गियों में से 2 हजार 815 रेलवे प्लाट पर हैं। तो वहीं सेक्टर 5 में रेलवे के 45 एकड़ प्लॉट में से 27 एकड़ प्लॉट रेलवे द्वारा सौंप दिया गया है और बाकी प्लॉट पर जल्द ही कब्जा कर लिया जाएगा।

# अमित शाह फिर करेंगे महाराष्ट्र का दौरा

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लगभग 100 दिन और शेष बचे हैं। इसी के साथ सियासी दलों और उनके गठबंधनों में सीटों के बंटवारे से पहले अनुकूल चुनाव क्षेत्रों की समीक्षा जोर पकड़ने लगी है। इसी बीच बीजेपी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद नंबर दो की हैसियत रखने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर से महाराष्ट्र दौरे पर आने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार अमित शाह 16, 17 और 18 अगस्त को महाराष्ट्र में रहेंगे। इस दौरान वह महाराष्ट्र के सभी हिस्सों में आधा-आधा दिन गुजार कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। लोकसभा चुनाव में महायुति को महाराष्ट्र में मिली हार के बाद खासकर बीजेपी पर दबाव बढ़ा है। इसके बावजूद बीजेपी अभी भी राज्य में कम से कम 150 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) अपने स्ट्राइक रेट को बीजेपी से बेहतर बताकर 288 विधानसभा सीटों में 90 से अधिक सीटों पर दावा ठोंक रहा है तो वहीं



एनसीपी (अजित पवार) भी शिंदे गुट के बराबर सीटों की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन के महादेव जानकर की राष्ट्रीय समाज पाटी, बच्च कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी व रामदास आठवले की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) भी अपने लिए कम से कम 10-10 सीटों की मांग कर रही है। ऐसे में इस बार सीटों के बंटवारे में देरी जैसी लोकसभा वाली गलती से बचने के लिए बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व अभी से सक्रिय हो गया है।

## सीएम शिंदे ने शुरू किया 'हर घर तिरंगा' अभियान

**मुंबई।** मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान से 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन की शुरुआत की थी। उसकी याद में इस साल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों के बीच देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और स्वतंत्रता संग्राम की यादों को जीवंत बनाए रखना है। शुक्रवार को भारत छोड़ो आंदोलन की 82 वीं वर्षगांठ पर




अभियान की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि राज्य में ढाई करोड़ घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। तीन साल पहले शुरू हुई हर घर तिरंगा अभियान अब एक जन आंदोलन बन गया है। यह युवा पीढ़ी में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 15 अगस्त तक जारी रहेगा। शिंदे ने नागरिकों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की शपथ दिलाई और उन्होंने छात्रों तथा युवाओं की एक प्रभात फेरी निकालाी और पदयात्रा को भी हरी झंडी दिखाई।

# सुप्रीम फैसला : सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के कॉलेज में हिजाब बैन पर लगाई रोक

**एजेंसी । मुंबई/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई के एक कॉलेज के उस परिपत्र पर आंशिक रूप से रोक लगा दी है, जिसमें कॉलेज परिसर में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर पाबंदी लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही यह भी कहा कि छात्राओं को यह चयन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या पहनें। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि शैक्षिक संस्थान छात्राओं पर अपनी पसंद को नहीं थोप सकते। मुंबई के कॉलेज में हिजाब, बुर्का और नकाब पर पाबंदी को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी सामने आई थी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या आप लड़कियों के बिंदी या तिलक लगाने पर प्रतिबंध लगाएंगे? मुंबई के कॉलेज ने हिजाब नकाब और बुर्का पर पाबंदी लगाते हुए बाद में जींस पर भी पाबंदी लगाई थी।



### कॉलेज नहीं डाल सकता है दबाव

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने 'एन जी आचार्य और डी के मराठे कॉलेज' चलाने वाली 'चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी' को नोटिस जारी किया और 18 नवंबर तक उसे जवाब तलब किया है। पीठ ने मुस्लिम छात्रों के लिए 'ड्रेस कोड' को लेकर उत्पन्न नये विवाद के केंद्र में आए कॉलेज प्रशासन से कहा कि छात्राओं को यह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्या पहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकता... यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं। पीठ ने कहा कि अगर कॉलेज का इरादा छात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोक लगाना था, तो उसने 'तिलक' और 'बिंदी' पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया?

### कोर्ट ने फैसले में क्या कहा?

न्यायालय ने एजुकेशनल सोसायटी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील माधवी दीवान से पूछा कि क्या छात्रों के नाम से उनकी धार्मिक पहचान उजागर नहीं होती? हालांकि पीठ ने कहा कि छात्राओं को कक्षा के अंदर बुर्का पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती और न ही परिसर में किसी भी धार्मिक गतिविधि की अनुमति दी जा सकती है। पीठ ने कहा कि उसके अंतरिम आदेश का किसी के द्वारा दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए और किसी भी दुरुपयोग के मामले में 'एजुकेशनल सोसायटी' और कॉलेज को अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता दी।

# पूजा खेडकर के पिता के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप मे प्राथमिकी दर्ज



**दोपहर संवाददाता | पुणे**

पुलिस ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ पुणे जिले में एक लोक सेवक को धमकाने और उनके काम में बाधा डालने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुणे जिलाधिकारी कार्यालय के एक तहसीलदार स्तर के अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यहां बंडगार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने कहा, 'शिकायत में कहा गया कि सहायक जिलाधिकारी के रूप में पूजा खेडकर की तैनाती के दौरान दिलीप खेडकर ने कथित तौर पर तहसीलदार दीपक अकाडे के खिलाफ धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया था और उनसे अपनी बेटी के लिए एक केबिन आवंटित करने को कहा था, जबकि दिलीप को प्रशासनिक कामकाज में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है।' संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल ही में खेडकर के चयन को रद्द कर दिया और भविष्य में उन पर परीक्षा देने पर भी रोक लगा दी। दिल्ली में पूजा के खिलाफ सिविल सेवा परीक्षा 2022 के लिए आवेदन में 'गलत जानकारी' देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद से पूजा खेडकर का कुछ अता-पता नहीं है। पुणे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'जिला प्रशासन से शिकायत मिलने के बाद, हमने दिलीप खेडकर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 186 (लोक सेवक के सरकारी कार्यों के निर्वहन में बाधा डालना), 504 (जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है।' यह मामला इस वर्ष जून का है। दिलीप खेडकर सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और उनके खिलाफ पुणे में पौड पुलिस थाने में आपराधिक धमकी का भी एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में उनकी पत्नी मनोरमा पर भूमि विवाद को लेकर मुलशी क्षेत्र में बंदूक लहराते हुए एक व्यक्ति को डराने धमकाने का आरोप लगाया गया है। खेडकर की पत्नी को पुणे ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दिलीप खेडकर को उस मामले में अग्रिम जमानत दे दी गई थी, जबकि उनकी पत्नी मनोरमा को हाल ही में अदालत ने जमानत पर रिहा किया है।

# दादर सूटकेस मर्डर मिस्ट्री का है विदेशी कनेक्शन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

पायधुनी पुलिस और मुंबई क्राइम ब्रांच के लिए दादर के प्लेटफार्म नंबर 11 पर मिली सूटकेस में लाश की मर्डर मिस्ट्री दिन ब दिन उलझती जा रही है। क्योंकि, इस मिस्ट्री का कनेक्शन विदेशों तक जुड़ा हुआ है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने भारत के अलावा पकिस्तान, बेल्जियम और बांग्लादेश के दिव्यांग लोगों से भी हेल्प लिया था। जांच में यह भी पता चला है कि इन दिव्यांग आरोपियों ने एक वाट्सएप ग्रुप बनाया था, जिसमें कई देशों के दिव्यांग लोग शामिल थे। इनमें से एक महिला के साथ ये आरोपी उस वक्त विडियो कॉल कर रहे थे जब अरशद शेख की हत्या की जा रही थी।

### आरोपी मूक बधीर यानी दिव्यांग हैं



दरअसल रविवार रात पायधुनी के गुलाल वाडी।निवासी अरशद की हथौड़ी और कुल्हाड़ी से कथित तौर पर वार कर निर्मम तरीके से हत्या करने का आरोप जिन तीन लोगों पर लगा है, वे सभी मूक बधीर यानी दिव्यांग हैं। इनमें एक आरोपी मृतक अरशद की पत्नी रुखसाना भी हैं जबकि दो अन्य आरोपी अरशद के दिव्यांग दोस्त शिवजीत सिंह और जय प्रवीन चावड़ा हैं।

### पुलिस के सामने चुनौती?

पुलिस का दावा है कि अरशद की पत्नी रुखसाना का कथित तौर पर जय चावड़ा से प्रेम संबंध था। इसकी जानाकारी अरशद को थी। वह इसका विरोधी कर रहा था। इसलिए उसने अरशद की अपने साथियों के साथ मिलकर कथित तौर पर हत्या कर दी थी।

# मुंबई-नासिक हाईवे पर होगा 'लियो पॉलीमर तकनीक' का उपयोग

**सीएम शिंदे बोले- काम में बाधा डाली तो होगी कार्रवाई**

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई-नासिक हाईवे पर उन जगहों का निरीक्षण किया जहां गड्ढे या ट्रैफिक जाम हैं और संबंधित अधिकारियों को "लियो पॉलीमर तकनीक" का उपयोग करके तुरंत गड्ढे भरने के निर्देश दिए। सीएम शिंदे ने कहा कि मुंबई-नासिक हाईवे पर गड्ढे भरने के लिए "लियो पॉलीमर तकनीक" का उपयोग किया जाएगा क्योंकि यह तकनीक लंबे समय तक चलेगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को ठाणे-नासिक हाईवे पर खारेगांव से पडघा, तलवली से शाहपुर तक की सड़क का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने खुद जाकर सड़क पर गड्ढे भरने के संबंध में किए जा रहे काम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि ठाणे-नासिक की दूरी वर्तमान में सामान्य से अधिक समय ले रही है। इस सड़क पर पत्थर होने व यहां भारी वाहनों के आवागमन के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास प्राधिकरण, एमएमआरडीए, पुलिस संबंधित विभागों से बैठक की। इस दौरान भारी वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर यातायात शुरू किया जाए। यातायात धीमा होने पर भारी वाहनों को छोड़ा जाएगा, ऐसी योजना बनाई गई है।

# 2030 फ्लैटों की बिक्री के लिए ऑनलाइन आवेदन, पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**दीपक पवार | मुंबई**

### ▸▸ म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल ने 'गो लाइव' लॉन्च किया




म्हाडा मुंबई मंडल ने गोरेगांव पश्चिम, एंटोप हिल-वडाला, कोपरी, पवई, कन्नमवार नगर-विक्रोली, शिवधाम कॉम्प्लेक्स-मलाड सहित मुंबई में विभिन्न आवास परियोजनाओं में विभिन्न आय समूहों में 2030 फ्लैटों की कम्प्यूटरीकृत बिक्री का आयोजन किया। 'म्हाडा' के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल के तत्वावधान में 'गो लाइव' समारोह के माध्यम से ड्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन स्वीकृति प्रक्रिया शुरू की गई। म्हाडा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में, जयसवाल ने नागरिकों से अपील की कि वे म्हाडा लॉटरी के लिए केवल कंप्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से आवेदन करें। किसी को लॉटरी अवधि के दौरान कई तीसरे पक्षों से घर पाने के प्रलोभन के आगे झुके बिना म्हाडा आईएचएलएमएस 2.0 (म्हाडा इंटीग्रेटेड हाउसिंग लॉटरी मैनेजमेंट सिस्टम) की कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से लॉटरी में भाग लेना चाहिए। लॉटरी प्रक्रिया में पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेज जमा करना, दस्तावेजों की पात्रता सत्यापन, जमा राशि के भुगतान के लिए आवेदन और लॉटरी में घर मिलने के बाद फ्लैट राशि का भुगतान पूरी तरह से ऑनलाइन होगा। आवेदकों को म्हाडा कार्यालय आने की भी जरूरत नहीं है। इस प्रकार यह प्रणाली उन्नत तकनीक की मदद से मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त है। साथ ही यह सिस्टम समय-समय पर अपने आप अपडेट भी होता रहता है। ड्रा में भाग लेने के लिए नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अनिश्चित काल तक खुली रहेगी। पंजीकरण प्रक्रिया के बाद, नए कम्प्यूटरीकृत ड्रा सिस्टम में आवेदक का एक स्थायी प्रोफ़ाइल बनाया जाएगा। इस सिस्टम के माध्यम से आवेदकों के आवेदन का सटीक सत्यापन तुरंत हो जायेगा। इस अवसर पर, जयसवाल ने बताया कि आवेदकों की पात्रता ड्रॉ से पहले निर्धारित की जाएगी और केवल इस प्रणाली द्वारा योग्य आवेदक ही ड्रॉ में भाग ले सकेंगे। जयसवाल ने आधिकारिक वेबसाइट https://housing.mhada.gov.in पर जाकर म्हाडा हाउसिंग लॉटरी मैनेजमेंट सिस्टम ऐप डाउनलोड करने और लॉटरी के लिए आवेदन करने की अपील की।

बोरिकर ने इस अवसर पर कहा कि लॉट में निम्न आय वर्ग के लिए 359 फ्लैट, निम्न आय वर्ग के लिए 627 फ्लैट, मध्यम आय वर्ग के लिए 768 फ्लैट और उच्च आय वर्ग के लिए 276 फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस लॉट में म्हाडा के मुंबई बोर्ड द्वारा निर्मित 1327 फ्लैट, 370 फ्लैट (नए और पिछले लॉट से फ्लैट) और विकास नियंत्रण नियम 33 के तहत पुनर्विकास परियोजनाओं से म्हाडा डेवलपर्स से प्राप्त आवास स्टॉक में पिछले लॉट से विभिन्न कॉलोनियों में बिखरे हुए 333 फ्लैट शामिल हैं। 5), 33 (7) और 58 ये सभी फ्लैट रणनीतिक स्थानों पर हैं और इनकी दरें बाजार दरों से कम हैं और आम लोगों के लिए किफायती हैं। बोरिकर ने आगे कहा कि जिन आवेदकों ने पहले ड्रॉ प्रक्रिया में भाग लिया है और कम्प्यूटरीकृत सिस्टम में दस्तावेज अपलोड करके पंजीकरण कराया है, उन्हें इस बीच अपने प्रोफ़ाइल में दर्ज किए गए परिवर्तनों के रिकॉर्ड को अपडेट करना चाहिए जैसे कि यदि आवेदक विवाहित है और दोनों पति-पत्नी की आय के स्रोत के लिए पात्र आय समूह के अनुसार, 01/04/2023 से 31/04/2024 (आकलन वर्ष- 2024-25) की अवधि के लिए दोनों का आयकर रिटर्न। परिवार का तहसीलदार का आय प्रमाण पत्र नए सिरे से अपलोड किया जाए। बोरिकर ने कहा कि ऐसे आवेदकों को नए सिरे से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है और अन्य दस्तावेज दोबारा जमा करने की भी जरूरत नहीं है। ड्रा में भाग लेने में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में मार्गदर्शन के लिए हेल्पलाइन नंबर 022-69468100 चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इस अवसर पर मुंबई बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरिकर, मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद हुंडकर, मुख्य अभियंता-2 धीरज कुमार पांडीरकर, मुख्य अभियंता-3 शिवकुमार आडे, सह-मुख्य अधिकारी वंदना सूर्यवंशी, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल वानखड़े, मुख्य वास्तुकार एवं नियोजक पी. डी.सालुंखे, सह-मुख्य अधिकारी उमेश वाघ, कोंकण मंडल के मुख्य अधिकारी अनिल अंकलेगी, कानूनी सलाहकार मृदुला परब, उप मुख्य अधिकारी (विपणन) राजेंद्र गायकवाड़, मुख्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अधिकारी सविता बोडके, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वैशाली गढ़पाले आदि उपस्थित थे।

# क्रांति दिन के अवसर पर मनपा प्रशासन की तरफ से शहीद स्मारक पर अभिवादन

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

9 अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर आईजीएम अस्पताल मार्ग स्थित शहीद स्मारक पर मनपा अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों का अभिवादन किया गया।उक्त अवसर पर मनपा उपायुक्त नयना ससाणे, शिक्षण विभाग उपायुक्त डॉ.अनुराधा बाबर, जल आपुर्ति कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर, प्रशासन विभाग सहायक आयुक्त अजित महाडिक, स्वास्थय विभाग सहायक आयुक्त फैसल तातली, प्राथमिक शिक्षण विभाग प्रशासनाधिकारी बालाराम जाधव, जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले, अनुमति विभाग प्रमुख प्रकाश राठोड,खेल अधिकारी शरद कलावंत, सहायक आयुक्त नितिन पाटील, प्रकाश पाटील, प्र.स.क्र.4 सहायक आयुक्त सुनिल भोईर, उद्यान विभाग निलेश संखे, शिक्षणाधिकारी उमेश संबारी आदि ने भी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण कर अभिवादन किया।

**भिवंडी में हर घर तिरंगा उपक्रम की शुरुआत**



भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पलिका प्रशासन ने केंद्र शासन के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 15 अगस्त के दौरान हर घर तिरंगा मुहिम शुरू की गई है। इस अवसर पर मनपा अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने शहरवासियों से अपने घर, कार्यालय, प्रतिष्ठान,दुकान,शैक्षिक संस्थान सहित अन्य तमाम स्थानों पर तिरंगा ध्वज फहराने की अपील किया है। डाके ने अधिकारियों, कर्मचारियों को भारत के विकास एवम प्रगति की खातिर ईमानदारी,अनुशासन का अनुपालन करते हुए खुद को समर्पित किए जाने की शपथ दिलाई। अतिरिक्त आयुक्त डाके ने तिरंगा रैली का शुभारंभ तिरंगा ध्वज दिखाकर किया। तिरंगा रैली में दांडेकर स्कूल सहित अन्य स्कूलों के सैकड़ो विद्यार्थी शामिल थे।

# अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई में कथित तौर पर अवैध कॉल सेंटर संचालित करने और इससे सरकार को पांच करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने बृहस्पतिवार को रबाले में स्थित एक कॉल सेंटर पर छापा मारा और 70,000 रुपये मूल्य के 'सर्वर' जब्त किए। उन्होंने बताया कि अवैध कॉल सेंटर संचालित करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम और भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# डोंबिवली में महारोजगार मेला का आयोजन

### 5 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**दोपहर संवाददाता | डोंबिवली**



शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की संकल्पना पर रविवार 11 अगस्त को सुबह 10 बजे डोंबिवली पूर्व के मानपाड़ा रोड स्थित होराइजन ऑडिटोरियम में महारोजगार मेले का आयोजन किया गया है। डोंबिवली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने बताया कि इस महोत्सव में करीब 5 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। डोंबिवली शिव सेना केंद्रीय शाखा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, कल्याण तालुका प्रमुख महेश पाटिल, उप-शहर प्रमुख संतोष चव्हाण आदि उपस्थित थे। भव्य रोजगार मेले के बारे में बात करते हुए जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने कहा, सांसद शिंदे की अवधारणा पर महाराष्ट्र सरकार और शिव सेना शाखा के माध्यम से कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र और डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र के लिए इस रोजगार मेले का आयोजन 11 अगस्त को होराइजन हॉल में किया गया है।

हाल ही में परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। कई युवा नौकरी की तलाश में हैं। ऐसे युवा रोजगार मेले में जरूर आयेंगे। इस रोजगार मेले में कुल 70 कंपनियां हिस्सा लेंगी। यह रोजगार मेला लगभग 5 हजार युवाओं के लिए उपयोगी है जो इस रोजगार मेले में अच्छी नौकरी की तलाश कर रहे हैं। मेले में ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। जो पात्र हैं उन्हें इसका लाभ अवश्य मिलेगा। कल्याण तालुका प्रमुख महेश पाटिल ने कहा कि भव्य रोजगार महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। शहर में जारी सूचना पत्र के अनुसार 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमा के साथ ही अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# प्रेमिका की हत्या के बाद युवक ने झील में कूदकर दी जान

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

दमकल विभाग और पुलिस ने शुक्रवार को 22 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया जिसने कथित तौर पर नवी मुंबई में अपनी प्रेमिका की हत्या करने के बाद झील में कूदकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सहायक आयुक्त मयूर भुजबल ने बताया कि शुक्रवार सुबह वाघोली इलाके में स्वास्तिक पाटिल नामक एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद करने



के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया। उन्होंने बताया कि पनवेल निवासी पाटिल ने बुधवार को अपनी 19 वर्षीय प्रेमिका भाविका मोरे की गला घोंटकर हत्या करने के बाद कथित तौर पर एक पुल से डीपीएस झील में छलांग लगा दी। कॉलेज छात्रा भाविका और पाटिल पिछले दो साल से रिलेशनशिप में थे। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सुदूर स्थान पर तीखी बहस के बाद गुस्से में आकर पाटिल ने अपनी प्रेमिका को गला घोंटकर उसे मार डाला था।

# जीएसटी बजट 2024 में हुये संशोधन को लेकर सीजीएसटी भिवंडी कमिश्नरेट द्वारा सेमिनार का आयोजन




**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

सीजीएसटी कमिश्नरेट भिवंडी द्वारा 2024 के बजट में हुये संशोधन को लेकर सेमिनार का आयोजन धामनकर नाका स्थित सिटी सेंटर माल में भिवंडी मेडिकल प्रेक्टिसनर एसोसिएशन हाल में संपन्न किया गया। सेमिनार का आयोजन आयुक्त समशाद आलम के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर कमलजीत कमल व दीपिका कार्तिक तंगाडकर द्वारा आयोजित किया गया था। उक्त अवसर पर सहायक आयुक्त पी टी शेट्टी ने उपस्थित व्यापारियों, जीएसटी कर दाताओं को नवीनतम बदलाओं और उनके व्यवहारिक प्रभावों की विस्तृत व्याख्या करते हुये कहा कि सरकार द्वारा पेश किये 2024 के बजट बदलाव में व्यापारियों व कर दाताओं को काफी सहूलियत दी गयी है जैसे कि जीएसटी डिमांड नोटिस और आदेश जारी करने के लिए एक समान समय-सीमा स्थापित करता है, भले ही मामला धोखाधड़ी से जुडा हो या न हो , भले ही वह धारा 73 या 74 का नोटिस हो। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार सीजीएसटी भिवंडी कमिश्नरेट के पारदर्शिता बढाने और स्थानीय व्यापारी वर्ग को नियामक परिवर्तनों के अनुकूल होने में सहायता करने का एक प्रयास है।

# कांग्रेस नेताओं ने वक्फ की जमींन हड़पीं

### ▸▸ देवेंद्र फडणवीस का तीखा प्रहार



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

'वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक' की आलोचना करनेवाले विपक्षी नेताओं को उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को जमकर फटकार लगाई। पुणे में पत्रकारों को संबोधित करने के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में भी एक वक्फ घोटाला हुआ था। हमने देखा था कि वक्फ की जमीनें किसने हड़पीं और कांग्रेस के कौन-कौन से नेता शामिल थे। रिपोर्ट सामने आ चुकी है। जो भी विरोधक सामने आएं, इन्हें वक्फ से कुछ लेना-देना नहीं है, इन्हें सिर्फ वक्फ की जमीन से मतलब है। दरअसल, अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को लोकसभा में 'वक्फ बोर्ड संशोधन बिल' पेश किया। वक्फ बोर्ड के नियमों में बदलाव के प्रावधान वाला यह विधेयक पेश होते ही विपक्ष ने संसद में जबरदस्त विरोध किया। लोकसभा में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी के सांसदों ने हंगामा किया।

# देवेंद्र फडणवीस की कलाई पर 'लाडली बहनों' ने बांधी राखी

**दोपहर संवाददाता | सातारा**

**कई कार्यक्रमों में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री**

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को सातारा में थे। वहां उन्होंने पवई नाका क्षेत्र स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र अभिवादन किया तो वहीं साहू चौक पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसी तरह वह भाजपा सातारा जिला कार्यालय के भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन' योजना के लिए पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने फडणवीस को राखी बांधकर रक्षाबंधन से पहले राखी का त्योहार मनाया।

इस पर फडणवीस ने कहा कि पार्टी के लिए हमेशा कड़ी मेहनत करने वाली बहनों के साथ रक्षाबंधन उत्सव मनाया! मैं इस प्यार और स्नेह के लिए सभी का आभारी हूं। सातारा के खेड़ स्थित बीजेपी सातारा जिला कार्यालय का शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय की महानता उसकी भव्यता में नहीं, बल्कि उसके जनोन्मुखता में है।

दो बजे
# दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


**अनमोल विचार** सार्थक श्रम से बड़ी कोई प्रार्थना नहीं है : हरिशंकर परसाई

न्यूज़ ब्रीफ

## मंगल प्रभात लोढ़ा ने 75 फुट के राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ का अनावरण किया



**मुंबई।** मुंबई उपनगर जिले के संरक्षक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने बोरीवली में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के मुख्य द्वार के पास 75 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ पर अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया। मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के विकास के लिए सरकार ने 25 करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया है और जल्द ही पार्क में वनरानी मिनी ट्रेन शुरू की जाएगी।मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि नेशनल पार्क के मुख्य द्वार के पास लगाया गया राष्ट्रीय ध्वज मुंबई आने वाले हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा। नागरिक प्रतिदिन इसी स्थान पर 7.30 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान कार्यक्रम का अनुभव कर सकेंगे। यह झंडा देशभक्ति और बलिदान की याद दिलाता है। आज हमें राष्ट्रीय ध्वज फहराने की आजादी इसलिए मिली क्योंकि हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया। मैं नागरिकों से अनुरोध करता हूं कि हमारे देश में लोकतंत्र आ गया है, सभी को हमारे देश के लिए एक साथ आना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक सुनील राणे, विधायक मनीषा चौधरी, मुंबई उपनगर के कलेक्टर राजेंद्र क्षीरसागर, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक और वन संरक्षक जी. इस अवसर पर मल्लिकार्जुन, वन संरक्षक रेवती पाटिल उपस्थित थे।


## प्रियंका चतुर्वेदी की पोस्ट पर शिवसेना नेता ने साधा निशाना, फोटो वायरल



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी इंस्टग्राम पर अपनी ताजा फोटो को लेकर विपक्ष के निशाने पर आ गई हैं। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की नेता शीतल म्हात्रे ने चतुर्वेदी पर जबरदस्त निशाना साधा है। म्हात्रे ने लिखा है कि चतुरताई हाथों में लुई Vuitton का पर्स और iPhone 15 पकड़कर महंगाई की बात कर रही है। म्हात्रे ने लिखा है कि आपका आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं है और आप गरीबी का मजाक उड़ा रहे हैं। शीतल म्हात्रे के निशाना साधने के साथ यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इसमें प्रियंका चतुर्वेदी पर तीखे कमेंट किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं उनकी इस फोटो को लेकर मीम्म भी बनने शुरू हो गए हैं। प्रियंका चतुर्वेदी को जुलाई 2020 में शिवसेना (अविभाजित) ने राज्यसभा भेजा था। पार्टी में दो फाड़ होने के बाद भी वह उद्धव ठाकरे के साथ हैं। प्रियंका चतुर्वेदी संसद के उच्च सदन में महाराष्ट्र सरकार की नीतियों पर काफी कड़े प्रश्न करती आई है। प्रियंका चतुर्वेदी ने नौ अगस्त को इसी फोटो को इंस्टाग्राम पर साझा किया था।

# घाटकोपर होर्डिंग हादसे में अदालत ने विज्ञापन कंपनी के निदेशक की याचिका खारिज की

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**







बंबई उच्च न्यायालय ने घाटकोपर में होर्डिंग गिरने संबंधी मामले में विज्ञापन कंपनी के गिरफ्तार निदेशक भावेश भिंडे की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दी, जिसमें उसने दावा किया था कि वह एक 'दैवीय घटना' थी और उसकी गिरफ्तारी अवैध है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि उन्हें इस मामले में किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया में कोई कानूनी खामी नहीं मिली है। अदालत ने कहा, 'हमें कानूनी रूप से कोई खामी नहीं मिली है।

गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध बताने के लिए याचिकाकर्ता ने जो आधार पेश किया है उसमें कोई दम नहीं है और झूठा है। प्रक्रिया में कोई खामी नहीं है। याचिका खारिज की जाती है।' पीठ ने कहा कि प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय अपरिहार्य व संविधान के माध्यम से मान्यता प्राप्त है और इनमें किसी भी सूरत में कोई दोष नहीं हो सकता। भिंडे ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करते हुए दावा किया था कि 13 मई को हुई घटना एक 'दैवीय घटना' थी और उसके इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाए। भिंडे पर गैर इरादतन हत्या का आरोप है और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। उसने अपनी याचिका पर सुनवाई पूरी होने तक अंतरिम जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया था। घाटकोपर इलाके में 13 मई को 'ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड' का विशालकाय होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी और 70 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरोपी भिंडे इस कंपनी का निदेशक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से 12 मई को जारी बुलेटिन का हवाला देते हुए भिंडे ने दावा किया था कि होर्डिंग गिरना एक दैवीय घटना थी। याचिका में कहा गया है, 'आईएमडी के बुलेटिन में उस दिन मुंबई में आई तेज हवाएं चलने और धूलभरी तेज आंधी आने का पूर्वानुमान नहीं जताया गया था। होर्डिंग अनुचित और दोषपूर्ण तरीके से लगाए जाने के कारण नहीं बल्कि तेज हवाओं और धूलभरी आंधी के कारण ढही।'याचिका में दावा किया गया है कि '96 किलोमीटर तक की रफ्तार की अनापेक्षित व अभूतपूर्व हवा' की वजह से होर्डिंग गिरी और यह एक ऐसी घटना थी जिसके लिए न तो ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और न ही उसे जवाबदेह ठहराया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि होर्डिंग सबी आवश्यक अनुमति हासिल करने के बाद लगाई गई थी।

## मुंबई सेंट्रल मंडल के सभी स्टेशनों पर डिजिटल भुगतान के लिए नए क्यूआर कोड



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे डिजिटल भुगतान की विधियों का उपयोग करके कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने और अपने यात्रियों के लिए सुचारू और अधिक कुशल सेवा सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए मुंबई सेंट्रल मंडल में निर्बाध ऑनलाइन भुगतान विकल्पों की सुविधा के लिए 632 डायनेमिक क्यूआर कोड डिवाइस लगाए गए हैं। क्यूआर कोड डिवाइस से लेनदेन 25 जुलाई, 2024 से शुरू हुआ और इससे 7 अगस्त, 2024 तक लगभग 7 लाख यात्रियों को 31 हजार से अधिक टिकट जारी किए गए हैं, जिसमें 76 लाख से अधिक डिजिटल भुगतान दर्ज किए गए हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, क्यूआर कोड डिवाइस को स्क्रीन पर लागू राशि प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे यात्री भुगतान के विभिन्न ऑनलाइन मोड और एप्लिकेशन के माध्यम से अपने टिकट की राशि का भुगतान कर सकें। इस नए प्रयास से लेनदेन की प्रक्रिया में तेजी आने, प्रतीक्षा समय कम होने और समग्र ग्राहक संतुष्टि में सुधार होने की उम्मीद है। ये क्यूआर कोड डिवाइस मुंबई सेंट्रल मंडल के सभी यूटीएस काउंटरों पर सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं और उपनगरीय एवं गैर-उपनगरीय खंडों को कवर कर रहे हैं। हालांकि पीआरएस काउंटरों पर फिलहाल इन क्यूआर कोड डिवाइस के इंस्टॉलेशन का काम प्रगति पर है। विनीत ने आगे बताया कि यह पहल डिजिटल परिवर्तन को अपनाने और यात्रियों को आधुनिक, सुविधाजनक और भुगतान का सुरक्षित माध्यम प्रदान करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर पश्चिम रेलवे का लक्ष्य अधिक उत्तरदायी और उपयोगकर्ता के अनुकूल सेवा वातावरण बनाना है।

## 10 अगस्त की मध्य रात्रि से 11 अगस्त की सुबह तक बंद रहेगा पीआरएस



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई पीआरएस दिनांक 10.8.2024 को 23.45 बजे से 11.8.2024 को 02.00 बजे तक तथा दिनांक 11.8.2024 को 04.00 बजे से 06.00 बजे तक यात्री आरक्षण प्रणाली मुंबई, डिजास्टर रिकवरी ड्रिल के लिए तक बंद रहेगी। शटडाउन के कारण, आईवीआरएस, वर्तमान आरक्षण, रिफंड काउंटर और कोचिंग रिफंड टर्मिनल आदि की सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। हालांकि, मौजूदा रिफंड नियमों के अनुसार रिफंड के लिए टीडीआर जारी किया जाएगा।

उपर्युक्त अवधि के दौरान मुंबई पीआरएस ट्रेनों के लिए इंटरनेट बुकिंग उपलब्ध नहीं होगी। यात्रियों/रेल उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण विद्युत रखरखाव कार्य के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**एल. टी. एम. जी. अस्पताल, सायन, मुंबई-400022**

नं.एलटीएच/एसडी/557/एम, दिनांकः 06/08/2024

**ई-महानिविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त (एमसीजीएम) नीचे दिए गए तीन पैकेट सिस्टम के अनुसार ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नामः एल.टी.एम.जी. अस्पताल के लिए ल्युअर लॉक के साथ डिस्पो.सिरिंज 50 मि.ली.

| अ.क्र. | विवरण | ई निविदा की लागत (रु.) | अमानत जमा राशि (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ल्यूअर लॉक के साथ डिस्पो. सिरिंज 50 मि.ली. मात्रा-45000NOS **बोली संख्या-2024_ एमसीजीएम_1065679** | रु.1320+ जीएसटी @18% | रु.20,000 | 06/08/2024 को शाम 04.00 बजे | 16/08/2024 को शाम 04.00 बजे |

इच्छुक निविदाकर्ता को निविदा के अधिक विवरण के लिए महानगरपालिका के वेबसाइट http//www.mcgm.gov.in पर जाना होगा।

निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./
डीन
एल.टी.एम.जी.अस्पताल,सायन

पीआरओ/895/विज्ञा./2024-25

समय पर निदान, बचाएं प्राण


## महाराष्ट्र पोस्टल मंडल द्वारा राष्ट्रपति के निमंत्रण का तत्परता से कुशल वितरण



**मुंबई।** महाराष्ट्र पोस्टल मंडल स्वतंत्रता दिवस 2024 पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'स्वागत समारोह' के लिए निमंत्रण कार्डों के सावधानीपूर्वक वितरण में अपनी अभिन्न भूमिका की घोषणा करते हुए गौरव का अनुभव कर रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम 15 अगस्त, 2024 को राष्ट्रपति भवन में होगा ।

इन आमंत्रणों के सर्वोपरि महत्व को समझते हुए महाराष्ट्र पोस्टल मंडल उच्चतम स्तर की सटीकता और देखभाल के साथ इनके वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी समर्पित टीम ने इस प्रतिष्ठित कार्य को संभालने के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया है और हमने यह सुनिश्चित करने के लिए उन्नत प्रोटोकॉल लागू किए हैं कि प्रत्येक आमंत्रण अपने अभिप्रेत प्राप्तकर्ता तक सही-सलामत और समय पर पहुंचे। यह पहली बार है कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करनेवाले व्यक्तियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। इसमें आम नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। इसमें डॉक्टर,आयुष चिकित्सक, कृषिविद्, शिक्षक, ऊर्जा संरक्षण चैंपियन और विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थी शामिल हैं।

## अदालत ने ईडी के सहायक निदेशक को 14 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में भेजा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



यहां की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक सहायक निदेशक को 14 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। एक दिन पहले उसे मुंबई के एक जौहरी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। विशेष सीबीआई न्यायाधीश एस.पी. नाइक ने ईडी के सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव को 14 अगस्त तक जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को यादव को मुंबई के एक सर्राफा कारोबारी से उसके बेटे को धनशोधन मामले में गिरफ्तार करने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। अदालत ने प्राथमिकी और केस डायरी के अवलोकन के बाद कहा कि इस समय यह मानने के उचित आधार हैं कि 'आरोप पुख्ता हैं'। सीबीआई के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीन और चार अगस्त को जौहरी विपुल हरीश ठक्कर के परिसरों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव ने उन्हें 25 लाख रुपये न देने पर जौहरी के बेटे को गिरफ्तार करने की कथित तौर पर धमकी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि बातचीत के दौरान 20 लाख रुपये की रिश्वत देने पर बात तय हुई। बाद में, ठक्कर ने सीबीआई का रुख किया था। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है, 'स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में शिकायत के सत्यापन से प्रथम दृष्टया पता चला कि प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय, नयी दिल्ली के सहायक निदेशक संदीप सिंह ने अज्ञात अन्य लोगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता विपुल ठक्कर के बेटे निहार ठक्कर को गिरफ्तार न करने के लिए स्वयं तथा एक अन्य व्यक्ति के माध्यम से 20 लाख रुपये की रिश्वत प्राप्त करने के लिए आपराधिक षड्यंत्र रचा था।' अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारी यादव को एजेंसी की मुंबई इकाई ने राष्ट्रीय राजधानी में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा।


GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E- TENDER NOTICE NO. 6 FOR 2024-2025

Online E- Tenders in B-2 form for the following work are invited by the Executive Engineer, Presidency Division, PWD, 2nd floor Bandhakam Bhavan, 25 Murzban Road, Fort, Mumbai-400 001 (Tel. N22016975/22016977) from experienced agencies. Right to reject/accept of all or one tender is reserved by the undersigned.

| Sr.No | Name of Work | Amt Rs. (in lakhs) |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Maharashtra Bhavan (BHAKT NIWAS) at U.P. Govt. Awas Evam vikas parishad (Greenfield Township) at plot no. 8A/MISB-02 at Sahanewajpur Maza, Ayodhya (U.P). (Including Civil and Electrical works) | 13443.43 |

Issued Date : 8.8.2024 to 22.8.2024

Prebid Meeting : 16.8.2024 (Office Of the Chief Engineer,4th floor Bandhakam Bhavan, 25 , Murzban Road, Fort, Mumbai-400 001 Time 3.00 PM )

Opening Date : 23.8.2024

All the corrigendum/Changes pertain to notice will not published in news papers , that will published in e tendering process.
All the detail Information is available on following websites
1) www.mahapwd.com
2 ) www.mahatenders.gov.in

No.PD/ TC/ 10100
Office of the Executive Engineer,
Presidency Division, P.W.D., 2nd floor,
Bandhakam Bhavan, 25, Murzban Road,
Presidency Division, Mumbai.
Fort, Mumbai 400 001
Email : presidency.ee@mahapwd.gov.in
Date : 22/07/2024

Sd./-
(V. A. Pataskar)
Executive Engineer
Presidency Division Mumbai.

DGIPR-2024-25/1825

## संपादकीय

# चमकदार कांस्य पदक

पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट के साथ हुए अप्रिय घटनाक्रम से आहत भारतीयों के टूटे दिलों पर हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर मरहम ही लगाई है। हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक देश के नाम किया। टीम ने लगातार दूसरे ओलंपिक में भी हॉकी का कांस्य पदक भारत की झोली में डाला। टीम की दृढ़ता व टीम भावना के चलते यह कामयाबी मिली है। अपने इस परंपरागत खेल से भारतीयों का भावनात्मक लगाव सदैव रहा है, जिसको भारतीय टीम ने संबल ही दिया। निस्संदेह, इससे हॉकी की लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। हालांकि, वह अपने एक मजबूत खिलाड़ी की अनुपस्थिति में सेमीफाइनल में जर्मनी से हार गई थी। लेकिन कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी टीम से खेल प्रेमियों ने कहा कि यह उपलब्धि सोने की चमक से कम नहीं है। हालांकि एक समय था कि अंतिम मुकाबले में स्पेन एक शून्य की बढ़त लिए हुए था, लेकिन भारतीय टीम ने न केवल खेल में वापसी की बल्कि स्पेन को 2-1 से हराया भी। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक के अंतिम मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कप्तान वाली पारी खेली। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर दूसरे गोल से प्रतिपक्षी टीम पर अजेय बढ़त ले ली। जर्मनी से हुए मुकाबले में जिस फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी खली थी, अंतिम मुकाबले में उन्होंने अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज की। उल्लेखनीय है कि ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रोहिदास को रेड कार्ड मिला था। जिसके चलते उन पर एक मैच खेलने का प्रतिबंध लगा था। यही वजह कि जर्मनी के मुकाबले में उनकी कमी टीम को खली थी। कालांतर में भारत ने जर्मनी के खिलाफ मैच 3-2 से गंवाया था। बहरहाल, पेरिस ओलंपिक के विभिन्न मुकाबलों में सशक्त नजर आ रही टीम जर्मनी के साथ सेमीफाइनल में मिली शिकस्त के बाद स्वर्णिम सफलता से वंचित हो गई। हालांकि, ओलंपिक में तेरह पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का अतीत शानदार रहा है। खासकर हिटलर की उपस्थिति वाले बर्लिन ओलंपिक में मेजर ध्यानचंद के खेल और स्वर्ण पदक की चर्चा गाहे-बगाहे होती रहती है। ओलंपिक के इतिहास में भारत ने आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। हालांकि, वर्ष 1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद फिर टीम सुनहरी सफलता से वंचित रही। उसके बाद तो पदकों का सूखा 41 साल बाद टोक्यो ओलंपिक में मिले कांस्य पदक से टूटा। हालांकि, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 52 साल बाद लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने का गौरव हासिल किया है। यद्यपि पेरिस ओलंपिक में मजबूत मानी जा रही टीम टोक्यो ओलंपिक के पदक का रंग नहीं बदल सकी, लेकिन उसकी कामयाबी से परंपरागत भारतीय खेल की प्रतिष्ठा फिर स्थापित हुई। बहरहाल, इस बार ग्रुप स्टेज में मजबूत टीमों की उपस्थिति के बावजूद टीम का प्रदर्शन तीसरे स्थान के मुकाबले तक शानदार ही रहा। फर्क इतना ही रहा कि जहां टोक्यो मुकाबले में भारतीय टीम ने जर्मनी को हराकर कांस्य पदक जीता था, वहीं इस बार जर्मनी से हारकर वह स्वर्ण पदक से दूर हो गई। इस ओलंपिक में आस्ट्रेलिया-ब्रिटेन को हराना उसकी बड़ी उपलब्धि भी रही। विश्वास किया जाना चाहिए कि 1928 में पहली बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय हॉकी टीम ने जो स्वर्णिम उपलब्धियां हासिल की, निकट भविष्य में वह उसे जरूर दोहरायेगी। अंतिम मुकाबले में टीम को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले श्रीजेश ने वही जुनून और जज्बा दिखाया, जो कोई खिलाड़ी अपने पहले मैच में दिखाता है। उन्होंने स्पेन द्वारा किये गए अधिकांश हमलों को विफल बनाकर टीम की जीत को सुनिश्चित किया।

# महज सौ ग्राम वज़न ने छीना विनेश से पदक



रोहित महाजन

बीते जमाने में पहलवान अपनी गर्दन में पत्थर का भारी कड़ा (रिंग) पहनकर दंड-बैठकें लगाया करते थे, किंतु विनेश फोगाट के गले पड़े नियम रूपी कड़े का वजन बेशक 100 ग्राम था, लेकिन उसकी उम्मीदों को ले डूबा। बुधवार की सुबह विनेश फोगाट को महिला कुश्ती की 50 किलो फ्रीस्टाइल श्रेणी में वजन 100 ग्राम अधिक पाए जाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया। फाइनल में भिड़ंत अमेरिकी की साराह हाईबैंटेड से होनी थी और जीतने पर स्वर्ण पदक मिल सकता था, लेकिन यह अवसर हाथ से जाता रहा। विनेश को अयोग्य घोषित किए जाने में हद दर्जे की खराब व्यावसायिक कारगुजारी प्रतीत हो रही है और उसका मामला कुश्ती जगत में चर्चा का विषय बन गया, ओलंपिक के फाइनल में ऐसा पहले कभी हुआ हो, याद नहीं पड़ता। मुकाबले के पहले दिन यानी मंगलवार को वह अपना वज़न तयशुदा सीमा के भीतर बनाने में सफल रही लेकिन बुधवार को ऐसा नहीं कर पाई। 2016 और 2021 के ओलंपिक की भांति इस बार भी विनेश सबसे सम्माननीय खेलकुंभ में पदक हासिल करने का अपना सपना पूरा नहीं कर पाई।

स्वर्ण पदक मुकाबले वाले दिन की सुबह, जब विनेश का वज़न 100 ग्राम अधिक पाया गया तो इससे बच निकलने का जरा भी रास्ता न था क्योंकि नियमों के मुताबिक 10 ग्राम अधिक होने पर भी पहलवान अयोग्य घोषित हो जाता है। वज़न नियमों के प्रति अत्यधिक कड़ाई वाले खेल जैसे कि कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो और ताईक्वांडो में, प्रतिद्वंद्वियों के आकार और भार में समानता एक अनिवार्यता है। वह इसलिए कि दोनों के लिए मौका एक समान हो, यह नहीं कि बड़े से छोटे को भिड़ा दिया जाए। उदाहरणार्थ, 53 किलो भार के पहलवान के मुकाबले 50 किलो वाले को अखाड़े में नहीं उतारा जा सकता, अन्यथा अधिक वज़नी पहलवान को ताकत और पकड़ के मामले में बहुत फायदा मिल जाएगा। खेल अप्रत्याशित हो सकता है और कई बार हल्का दिखने वाला खिलाड़ी ताकत और पकड़ में अपनी कमजोरी पर पार पाते हुए, दांव-पेचों के सहारे अपने से बड़े पहलवान को चित्त कर देता है। नामी प्रतियोगिताओं में तगड़े खिलाड़ी अकसर बहुत फायदे में रहते हैं। लेकिन ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप जैसी कुलीन प्रतियोगिताओं में नियम बहुत सख्त होते हैं, मानो पत्थर पर लकीर –यहां तक कि कुछ ग्राम अधिक वज़न निकलने पर पहलवान या बॉक्सर को बाहर कर दिया जाता है।

संयुक्त विश्व कुश्ती संघ, जोकि इस खेल के लिए वैश्विक प्रशासनिक संस्था है, की नियम संहिता के अनुसार मुकाबले वाले दिन की सुबह प्रतियोगी का वज़न तोला जाता है, ओलंपिक या विश्व चैम्पियनशिप जैसे बड़े आयोजनों में मुकाबले दो दिन चलते हैं। प्रथम दिन यदि खिलाड़ी का वजन अधिक आए तो तयशुदा सीमा तक घटाने के लिए उसे आधे घंटे का वक्त दिया जाता है, इस दौरान वह जॉगिंग, साईकिलिंग, रस्सी कूद या तेज दौड़ इत्यादि उपायों से अपने भार में कमी लाने का प्रयास करता है और फिर से वजन तोलने की मशीन पर चढ़ता है। पर यह तभी कारगर है जब मामला चंद ग्राम भार घटाने का हो। दूसरे दिन, जिस रोज फाइनल खेला जाना हो, पहलवानों को वज़न में कमी लाने के वास्ते 15 मिनट का समय दिया जाता है। तोल प्रक्रिया में, पहलवान चाहे कितनी भी बार मशीन पर चढ़ सकता है।

भिड़न्त वाले खेलों के प्रतिभागी सामान्यतः प्रथम दिन के वज़न के हिसाब से तैयार रहते हैं, इसके लिए वे प्रतियोगिता से पहले के दिनों में भोजन और पानी की मात्रा घटाते हैं या एक वक्त का भोजन नहीं करते। लेकिन इसके चलते उनकी ऊर्जा एवं ताकत भंडार में कमी होती है और भरपाई हेतु उच्च शक्तिवर्धक एवं उच्च प्रोटीन युक्त भोजन और पेय पदार्थ लेते हैं, उदाहरणार्थ, विनेश ने प्रथम दिन की सुबह वज़न तुलवाने के बाद, तकरीबन डेढ़ किलो भोजन ग्रहण किया, जोकि साथ गए पौष्टिकता विशेषज्ञ की गणना और सलाह के अनुसार था। तीन मुकाबलों के दौरान और उनके बाद, शरीर में पानी की अत्यधिक कमी पड़ने से बचाने के वास्ते उसे बहुत कम मात्रा में जल दिया गया। उन दिन की कुश्तियों के बाद भार में लगभग 2 किलो की बढ़ोतरी हुई। विनेश का सामान्य भार 55 किलो है, पर वह निचले वज़न श्रेणी में लड़ रही थी क्योंकि इसमें फायदे का अवसर अधिक था। इससे पहले उसने दो बार विश्व कुश्ती प्रतियोगिता के 53 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता है, इसके अलावा एशियाई खेलों में भी दो पदक लिए हैं – 2018 में स्वर्ण तो 2014 में कांस्य – ये क्रमशः 51 किलो और 48 किलो वर्ग में थे। जैसे-जैसे पहलवान की उम्र बढ़ती है, वे अलग वज़न श्रेणी को चुनते हैं। इस प्रकार विनेश अपना वज़न घटाती चली आ रही थी। इस साल फरवरी माह में, कुश्ती प्रतियोगिताओं में वापसी के बाद, उसने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के 55 किलो वर्ग में खिताब जीता। अगले महीनों में, उसने दो श्रेणियों में ताल ठोकी –50 किलो और 53 किलो में– ये एशियन चैम्पियनशिप और एशियन ओलंपिक क्वालीफायर में चयन उत्तीर्ण करने के वास्ते थी। इसमें वह 53 किलो श्रेणी में एक नई महिला पहलवान अंजु से हार गई पर 50 किलो वर्ग में जीत प्राप्त की। अप्रैल में, विनेश ने एशिया ओलंपिक चयन उत्तीर्णता मुकाबले के 50 किलो फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक टीम में जगह पक्की कर ली। अलबत्ता ओलंपिक के लिए 53 किलो श्रेणी में युवा महिला पहलवान अंतिम पंघाल चुनी गई। साफ है, पेरिस ओलंपिक से पहले के महीनों में, विनेश ने भारत की ओर से अग्रणी उम्मीद बनने की खातिर अनेक भार वर्ग बदले। युई सुसाकी पर मिली विजय ने पदक की उम्मीद बढ़ा दी। यदि संयोगवश, विनेश अपने सेमीफाइनल मुकाबले में चोटिल हो गई होती और फाइनल न खेल पाती, तो उसे बुधवार की सुबह वजन-जांच में भाग न लेना पड़ता और इस तरह उसे बिना कुश्ती लड़े रजत पदक मिल जाता। विनेश को अयोग्य करार दिए जाने के बाद, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ ने विनेश के अयोग्यता मामले पर संयुक्त विश्व कुश्ती संघ से पुनर्विचार का अनुरोध किया। किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई, होनी भी नहीं थी,क्योंकि विश्व कुश्ती संघ के नियमों में किसी एक प्रतियोगी या राष्ट्र के लिए छूट देना असंभव है, यहां तक कि सिर्फ 10 ग्राम अधिक होने पर भी नहीं, 100 ग्राम तो दूर की बात है। ओलंपिक में हृदय को आघात पहुंचाने वाले इस घटनाक्रम के बाद विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया। उसने कुश्ती में अयोग्य ठहराए जाने के विरुद्ध खेल अदालत (सीएएस) में अपील भी डाली है जिसमें उसने संयुक्त रूप में रजत पदक पाने की मांग भी रखी। अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए विनेश ने लिखा, 'मां कुश्ती मेरे से जीत गई और मैं हार गई, माफ करना आपका सपना ओर मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं। अब इससे ज्यादा ताकत नहीं रही। अलविदा कुश्ती 2001-2024'। आप सबकी सदा ऋणी रहूंगी, क्षमा याचक।

## सहज योग

# परमात्मा पर छोड़ना सीखें




तुम जरा इसे छोड़ो, थोड़ा सा परमात्मा पर छोड़ो। चार दिन बीत गए उसने कहा भई आज तो हम मान गए, हम India में गए तो सब लोगों ने हम से कहा कि तुम तो भईया एकदम पार हो गए और तुम हमारा कार्य करो तुम हम को रुपया दो और ये करो सबने हमें Certificate दिया।

इस आनंद लहरी से लोगों ने बहुतों को ठीक भी किया, बीमारियां ठीक हुई। लेकिन जो सबसे बड़ी जो चीज हुई है, जिसका मुझे बहुत आनंद है, कि दस आदमी पार हो गए। सबने मिलकर सामूहिक किया, पार हो गए। अब आप यह कहेंगे कि इतनी जल्दी कोई पार होता है? नहीं होते, बहुत से नहीं होते, चार-चार साल से लोग हमारे पास आ रहे हैं, बहुत बड़े-बड़े लोग हैं, कोई तो बहुत भारी Minister Saheb हैं, कोई गवर्नर साहब हैं, कोई कुछ है। नहीं होते तो नहीं होते, हमें इससे क्या करना? हमें किसी से पैसा तो लेना नहीं कि आप हमें दो हजार दे दीजिए, हम पार कर दें, Certificate दे देंगे! जो नहीं हुआ सो नहीं हुआ, जो हुआ सो हुआ। अभी हम अमेरिका गए थे। वहां पर एक साहब बहुत बड़े राजा हैं वो कहीं के वहां मिले, वो हमारे साथ थे वो हमसे कहते हैं ये क्या श्रीमाताजी जो आता है आप उसको पार करते हैं हमको नहीं करते हैं, हमनें क्या किया? हमनें कहा बेटे हम तुमसे कुछ कहेंगे नहीं क्योंकि तुम्हें दुख होगा। तुम धर्म पर इतना लेक्चर देते हो तुम कभी धर्म में उतरे हो क्या? यह रात दिन जो तुम अपनी जान को मारे ले रहे हो वो किसके मारे ? तुम जरा इसे छोड़ो, थोड़ा सा परमात्मा पर छोड़ो। चार दिन बीत गए उसने कहा भई आज तो हम मान गए, हम India में गए तो सब लोगों ने हम से कहा कि तुम तो भईया एकदम पार हो गए और तुम हमारा कार्य करो तुम हम को रुपया दो और ये करो सबने हमें Certificate दिया। मैने कहा मेरे पास नहीं चलता बेटे क्या करूं? वो तो जो होएगा सो होएगा। इसमें किसी की चापलूसी किसी की Recommedation कुछ नहीं चाहिए। ये इतना Ultra modren है कि इस पर किसी का असर नहीं चलता। जो होगा सो होगा, जो नहीं होगा सो नहीं होगा। अब जो नहीं हुए वो नाराज हो जाते हैं और मेरे खिलाफ जाकर कुछ कुछ बोलने लग जाते हैं। कुछ बोलें, अब हम क्या करें जो नहीं हो रहे तो। हम तो चाहते हैं कि सबको हो, रात दिन मेहनत कर रहे हैं कि आपको हो जाए लेकिन आप नहीं होते हो तो हम क्या करें? आपकी रुकावट है। ये भी सोचना चाहिए कि किसी को कहते हैं, किसी को नहीं कहते और सब लोग कहते हैं कि हां हो गया, जितने भी खड़े हैं कहते है हां हो गया तो हो और गया। सब लोग कहते है कि इसका सहस्रार चल रहा है। मैंने कहा नहीं सब का ही चल रहा है। इसमें से कोई तो सत्य होगा। बीमारी को ठीक करना सहज योग का कार्य नहीं ये जान लेना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग ये कहते हैं उन्होंने भी ठीक किया, उन्होंने ठीक किया किया होगा, कैसे किया होगा? पता नहीं सहजयोग से सिर्फ कुण्डलिनी की जाग्रति और परमात्मा को पाने की ही बात है और कोई नहीं है। और ये कार्य जो है इसका आप जड़ से संबंध नहीं जोड़िए कभी भी इसका जड़ से संबंध जोड़ करके इसको जड़ में नहीं आप जान सकते। क्योंकि बीमारियों तो हजार तरह से ठीक हो सकती है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत | वराहगिरी वेंकट गिरी

# भारत रत्न से सम्मानित राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता



वराहगिरी वेंकट गिरी ओडिशा के बेरहामपुर के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और कार्यकर्ता थे, जिन्होंने 24 अगस्त 1969 से 24 अगस्त 1974 तक भारत के चौथे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। वह भारत के तीसरे उपराष्ट्रपति भी रहे। उनके बाद 1974 में फखरुद्दीन अली अहमद राष्ट्रपति बने। उनके पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति के बाद, गिरि को 1975 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

वराहगिरि वेंकट गिरि का जन्म 10 अगस्त, 1894 में बरहामपुर में एक तेलुगु भाषी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता, वराहगिरि वेंकट जोगैया पंतुलु, एक प्रतिष्ठित और समृद्ध वकील थे। युवा लड़के ने अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा अपने गृहनगर में पूरी की। कानून का अध्ययन करने के लिए, वी.वी. गिरि 1913 में यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन गए। उसी वर्ष उनकी मुलाकात गांधीजी से हुई, जिन्होंने गिरि को गहराई से प्रभावित किया और अंततः उन्हें एहसास कराया कि स्वतंत्रता संग्राम कानून से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कॉलेज में, गिरि सिन फेन आंदोलन में शामिल हो गए जिसके कारण उन्हें 1916 में आयरलैंड से निष्कासित कर दिया गया, जिससे वह अपनी कानून की डिग्री पूरी करने में असमर्थ हो गए। 1957 से गवर्नर पद पर रहते हुए भी उन्होंने इंडियन कॉन्फ्रेंस ऑफ सोशल वर्क के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। फिर एक दशक तक विभिन्न भारतीय राज्यों के राज्यपाल रहने के बाद, उन्हें 1967 में भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में चुना गया। 1969 में, जब तत्कालीन राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का निधन हो गया, तो वी.वी. गिरी कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। फिर, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ा और अपनी पार्टी के सदस्यों के शुरुआती विरोध के बाद, जिन पर उन्होंने जीत हासिल की, वे भारत के चौथे राष्ट्रपति बने और 1974 तक सेवा की।


भारत सरकार ने उनके योगदान और उपलब्धि को मान्यता दी जब उन्हें सम्मानित किया गया। 1975 में भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न। अपने पूरे जीवन में, वी.वी. गिरी अपने वक्तृत्व कौशल के लिए विख्यात रहे। वह एक विपुल लेखक भी थे जिन्होंने ₹औद्योगिक संबंध₹ और ₹भारतीय उद्योग में श्रमिक समस्याएं₹ पर किताबें लिखी हैं। वी. वी. गिरि ने जीवन के शुरुआती दिनों में ही सरस्वती बाई से शादी कर ली। गिरि का 85 वर्ष की आयु में वर्ष 1980 में चेन्नई में निधन हो गया।

## जीवन ऊर्जा

हरिशंकर परसाई : निधन- 10 अगस्त, 1995 | देहावसान

हरिशंकर परसाई का जन्म 22 अगस्त 1924 जमानी, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश में हुआ था। वह हिंदी के प्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार थे। ये हिंदी के पहले रचनाकार थे, जिन्होंने व्यंग्य को विधा का दर्जा दिलाया। हरिशंकर परसाई का निधन 10 अगस्त, 1995 को जबलपुर, मध्य प्रदेश में हुआ।

# सार्थक श्रम से बड़ी कोई प्रार्थना नहीं है



राजनीति में शर्म केवल मूर्खों को ही आती है। लड़कों को ईमानदार बाप निकम्मा लगता है। दूसरों के दुख को मान्यता देना ही सहानुभूति है। व्यभिचार से जाति नहीं जाती है; शादी से जाती है। धर्म अच्छे को डरपोक और बुरे को निडर बनाता है। झूठ बोलने के लिए सबसे सुरक्षित जगह अदालत है। नाक की हिफ़ाज़त सबसे ज़्यादा इसी देश में होती है। अंधभक्त होने के लिए प्रचंड मूर्ख होना अनिवार्य शर्त है। सत्य को भी प्रचार चाहिए, अन्यथा वह मिथ्या मान लिया जाता है। तारीफ़ करके आदमी से कोई भी बेवकूफ़ी करायी जा सकती है। चश्मदीद वह नहीं है, जो देखे; बल्कि वह है, जो कहे कि मैंने देखा। जो पानी छानकर पीते हैं, वो आदमी का खून बिना छाने पी जाते हैं। सोचना एक रोग है, जो इस रोग से मुक्त हैं और स्वस्थ हैं, वे धन्य हैं। गाली वही दे सकता है, जो रोटी खाता है। पैसा खाने वाला सबसे डरता है। बेइज्जती में अगर दूसरे को भी शामिल कर लो तो आधी इज्जत बच जाती है। दुनिया में भाषा, अभिव्यक्ति के काम आती है। इस देश में दंगे के काम आती है। ग़रीबों के साथ धोखों का अविष्कार करने के मामले में अपना देश बहुत आगे है। जब शर्म की बात गर्व की बात बन जाए, तब समझो कि जनतंत्र बढ़िया चल रहा है। हर आदमी बेईमानी की तलाश में है। और हर आदमी चिल्लाता है, बड़ी बेईमानी है। इस पृथ्वी पर जनता की उपयोगिता कुल इतनी है कि उसके वोट से मंत्रिमंडल बनते हैं। व्यस्त आदमी को अपना काम करने में जितनी अक्ल की ज़रूरत पड़ती है, उससे ज़्यादा अक्ल बेकार आदमी को समय काटने में लगती है।

## प्रेरक प्रसंग

### सबसे बड़ी मूर्खता

एक जंगल में बारहसिंगा रहता था। उसे अपने खूबसूरत सींगो पर बहुत ही ज्यादा घमंड था। जब पानी पीते हुए अपनी परछाई देखता तो सोचता, ' मेरे सिंग कितने सुंदर है, पर मेरी टांगे कितनी भद्दी है। उस दिन जंगल में शिकारी आए । जब उन्होंने सुंदर सिंगो वाले बरहसिंगा को देखा तो उसे पकड़ने के लिए दौड़े। बारहसिंगा बहुत तेजी से दौड़ता हुआ शिकारियों को बहुत पीछे छोड़ दिया। तभी अचानक उसके सिंग एक पेड़ के शाखाओ में अटक गए। बारहसिंगा अपने सिंग निकालने के लिए बहुत मेहनत कर रहा था। काफी समय से जोर लगाने के बाद भी वह सिंग पूरी तरह से अटके हुए थे तब तक शिकारी और भी करीब आ जाता है। कैसे भी कर कर वह अपने सिंग निकालने में कामयाब हो जाता है। अब सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर वह सोचने लगा, मैं कितना बड़ा मुर्ख हु।

आज सिंग के कारण मारा जाता और पैरो के कारण आज बच पाया। इंसान के पास जो भी है उससे खुश होना चाहिए।

### कंजूस आदमी

एक नगर में आनंद नाम का बहुत ही धनवान व्यक्ति रहता था। आनंद जितना धनवान था उतना ही कंजूस भी था। उसने अपने पुत्र मोहन को भी अपने जैसा कंजूश बना रखा था। जीवन भर कंजूस की जिंदगी जीने के बाद जब आनंद की मृत्यु हो गयी तो उसने मरकर कुत्ते की योनि में जन्म लिया। एक दीन वह अपने मनुष्य जन्म के पुत्र मोहन के मकान के सामने से गुजरा। तब उसे पूर्व जन्म की स्मृति हुई। उसे लगा की अरे यह तो मेरा ही घर है मेरी ही संपत्ति है मेरा ही पुत्र है, यह सोचते हुए वह कुत्ता बेधड़क उस घर में घुस गया और रसोई में जाकर भोजन को खाने लगा। बर्तनों की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में बैठे मोहन को संदेह हुआ। वह रसोई घर में पंहुचा और देखा की एक कुत्ता भोजन को खा रहा है। मोहन को उस कुत्ते के दुस्साहस पर हुस्सा आया, उसने लाठी उठाई और उस कुत्ते की खूब पिटाई की। पिटाई इतनी हुई की कुत्ते की कमर ही टूट गयी, अब वह न तो भाग पा रहा और ना हि चल पा रहा था। तब उसे अपने पूर्व जन्म के आचरण और अपने बेटे के परवरिश पर पछतावा हुवा। कहानी का तात्पर्य यह की मनुष्य मेरा पुत्र मेरा धन करके इतराता रहता है, जब मनुष्य अपने खुद का नहीं हो सकता तो धन और पुत्र वो कहा तक साथ देंगे।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धर्म और अधर्म में बड़ा अंतर



धर्म-अधर्म के बीच संघर्ष में यदि आप न्यूट्रल हैं, तो आप अधर्म का साथ देते हैं, ऐसा भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है...! भीम ने जब गदा युद्ध के नियम तोड़ते हुए श्री कृष्ण दुर्योधन को कमर के नीचे मारा ये देख बलराम बीच में आए और भीम की हत्या करने की ठान ली ।

तब श्रीकृष्ण ने अपने भाई बलराम से कहा.. आपको कोई अधिकार नहीं है इस युद्ध में बोलने का क्योंकि आप निरपेक्ष रहना चाहते थे ताकि आपको न कौरवों का, न पांडवों का साथ देना पड़े । इसलिए आप चुपचाप तीर्थ यात्रा का बहाना करके निकल लिए ।

- भीम को दुर्योधन ने विष दिया तब आप न्यूट्रल रहे।
- पांडवो को लाक्षागृह में जलाने का प्रयास किया गया, तब आप न्यूट्रल रहे।
- द्यूत क्रीड़ा में छल किया गया तब आप न्यूट्रल रहे।
- द्रौपदी का वस्त्रहरण किया आप न्यूट्रल रहे।
- अभिमन्यु की सारे युद्ध नियम तोड़ कर हत्या की गयी, तब भी आप न्यूट्रल रहे ।

आपने न्यूट्रल रह कर, मौन रह कर, दुर्योधन के हर अधर्म का साथ ही दिया ! अब आपको कोई अधिकार नहीं है कि आप कुछ बोलें ।

क्योंकि धर्म-अधर्म के युद्ध में अगर आप न्यूट्रल रहते हैं तो आप भी अधर्म का साथ दे रहे हैं। आज हमारा ये देश 712 ई. से धर्म युद्ध लड़ रहा है और हर नागरिक इसमें एक सैनिक है!

यदि मैं न्यूट्रल रह कर अधर्म को बढ़ावा देता हूँ तो मुझे भी अधिकार नहीं है शिकायत करने का कि देश में ऐसा वैसा बुरा क्यों हो रहा है, यदि मैं उस अधर्म का विरोध नहीं करता । अतः यह देश के हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि जो राष्ट्रहित में जो है उसका साथ दे ।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# क्यों तेज दौड़ता है 'चीता'



**क्या** आपने कभी सोचा है कि धरती का सबसे तेज़ दौड़ने वाला जानवर कौन है? ये है चीता! चीता इतना तेज़ दौड़ सकता है कि वह 60 से 70 मील प्रति घंटे (97 से 113 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से दौड़ता है। इसे दौड़ते हुए देखकर ऐसा लगता है जैसे वह हवा से भी तेज़ हो! चीते का शानदार शरीर और उसकी स्पीड उसे शिकार में मदद करती है, लेकिन यह तेज़ी केवल थोड़ी देर तक ही कायम रहती है।

### दौड़ने की गति

चीता 60 से 70 मील प्रति घंटे (97 से 113 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति से दौड़ सकता है। यह गति इतनी अधिक है कि चीता के लिए किसी भी अन्य भूमि जानवर को मात देना आसान हो जाता है। चीता इतनी तेज़ी से दौड़ने में केवल 3 से 4 सेकंड लगाता है और अपनी गति को थोड़ी देर तक बनाए रख सकता है, आमतौर पर 20 से 30 सेकंड तक।

### चीते का शरीर और विशेषताएं

चीते का शरीर बहुत ही अनोखा होता है, जो उसे तेज़ दौड़ने में मदद करता है। इसके लंबे और मांसपेशियों से भरे हुए पैर, लम्बी और लचीली रीढ़ की हड्डी, और पतली शरीर की संरचना उसे तेजी से दौड़ने की क्षमता देती है। चीते की काले रंग की लकीरें, जिन्हें ₹आंसू के निशान कहते हैं, उसकी आंखों से सूरज की तेज़ रोशनी को कम करती हैं, जिससे उसे दौड़ते समय बेहतर दृष्टि मिलती है।

### दौड़ने की तकनीक

चीता अपनी दौड़ में स्लाइडिंग तकनीक का उपयोग करता है। इसका मतलब है कि वह अपने शरीर को बहुत दूर तक खींचता है और अपने पैरों को लंबे कदम में फैलाता है। यह तकनीक चीते को अधिक से अधिक गति प्राप्त करने में मदद करती है। दौड़ते समय, चीता अपनी पूरी ताकत का उपयोग करता है, जिससे उसे बहुत जल्दी थकावट महसूस होती है।

### आहार और शिकार

चीते की तेज़ दौड़ने की क्षमता का मुख्य कारण उनका शिकार करना है। वे आमतौर पर छोटे और तेज़ जानवरों जैसे गज़ेल और छोटे हिरण का शिकार करते हैं। चीते अपनी तेज़ दौड़ से अपने शिकार के करीब पहुंच जाते हैं और उसे पकड़ लेते हैं।

### खतरे और संरक्षण

अत्यधिक तेज़ दौड़ने के बावजूद, चीते को कई खतरों का सामना करना पड़ता है। उनके प्राकृतिक आवास की कमी, शिकार, और अन्य मनुष्यों की गतिविधियों के कारण उनकी संख्या में कमी आ रही है। कई संरक्षण संगठनों और सरकारों ने चीते की सुरक्षा के लिए कई प्रयास किए हैं ताकि ये अद्वितीय जानवर सुरक्षित रह सकें और प्राकृतिक पर्यावरण में जीवित रह सकें।

### इंटरेस्टिंग फैक्ट

**आंखों की खासियत :** चीते की आंखों में एक खास संरचना होती है जो उन्हें तेजी से दौड़ते समय भी साफ दृष्टि देती है।
**सुनने की शक्ति :** चीते की सुनने की क्षमता बहुत तेज होती है, जिससे वे दूर से शिकार की आवाज़ सुन सकते हैं।
**जीवनकाल :** जंगली चीते आमतौर पर 10-12 साल जीते हैं, जबकि चिड़ियाघरों में 15-17 साल तक जीवित रह सकते हैं।
**खास नाखून :** चीते के पंजों में नाखून होते हैं जो पूरी तरह से मुड़ते नहीं, जिससे दौड़ते समय बेहतर पकड़ मिलती है।
**पूंछ का काम :** चीते की पूंछ उसका संतुलन बनाए रखने में मदद करती है, खासकर तेजी से मोड़ते समय।
**ऊर्जा खर्च :** दौड़ने में बहुत सारी ऊर्जा लगती है, इसलिए चीते को नियमित रूप से शिकार करना पड़ता है।
**शिकार के प्रकार :** चीते छोटे और मध्यम आकार के जानवरों जैसे गज़ेल का शिकार करते हैं, क्योंकि ये उनकी गति के अनुकूल होते हैं।
**गर्मियों में सहनशीलता :** चीते की त्वचा और फर उन्हें गर्मी में भी सहन करने में मदद करते हैं।

# चालाक कौआ और चतुर लोमड़ी



**ए**क बार की बात है, घने जंगल में एक चतुर कौआ रहता था। एक दिन कौए को ज़मीन पर मांस का एक टुकड़ा पड़ा मिला। उसने उसे उठाया और अपने भोजन का आनंद लेने के लिए एक ऊँची शाखा पर उड़ गया। एक भूखे लोमड़ी ने कौए को मांस के साथ देखा और उसे अपने लिए चाहा। लोमड़ी ने मांस पाने की एक योजना सोची। उसने कौए के पास चापलूसी भरे शब्दों के साथ पहुँची। नमस्ते, मेरे दोस्त! लोमड़ी ने पुकारा। मैंने तुम्हारे सुंदर पंखों और मीठी आवाज़ के बारे में बहुत सुना है। मुझे यकीन है कि तुम जंगल में किसी भी अन्य पक्षी से बेहतर गा सकते हो। तुम मेरे लिए क्यों नहीं गाते? लोमड़ी की बातों से कौआ खुश हो गया। उसने सोचा, अगर लोमड़ी को लगता है कि मैं सुंदर गा सकता हूँ, तो मुझे उसे दिखाना चाहिए! इसलिए, कौआ गाना शुरू कर दिया, अपने हाथ में पकड़े हुए मांस के टुकड़े के बारे में भूल गया।

जब कौआ गा रहा था, तो मांस का टुकड़ा उसकी चोंच से गिरकर ज़मीन पर आ गिरा। चतुर लोमड़ी ने जल्दी से मांस पकड़ लिया और भागने लगी। जब कौवे को एहसास हुआ कि क्या हुआ है, तो उसने गाना बंद कर दिया और लोमड़ी से भिड़ने के लिए नीचे उतरा।

तुमने मुझे धोखा दिया! कौवे ने गुस्से में कहा।

लोमड़ी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ₹यह चापलूसी नहीं थी जिसने तुम्हें धोखा दिया, बल्कि तुम्हारा अपना अहंकार था। तुम दिखावा करने के लिए इतने उत्सुक थे कि तुम अपना पुरस्कार पकड़ना भूल गए। कौवे को अपनी गलती का एहसास हुआ। उस दिन से, उसने सीखा कि चापलूसी को अपने निर्णय पर हावी नहीं होने देना चाहिए और प्रशंसा से इतनी आसानी से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

# जादुई पेंटब्रश



**ए**क बार की बात है, एक छोटे से गांव में मिया नाम की एक छोटी लड़की रहती थी जिसे पेंटिंग करना बहुत पसंद था। वह अपनी खूबसूरत कलाकृति बनाने के लिए जो कुछ भी पाती थी, उसका इस्तेमाल करती थी - मिट्टी, पत्ते और यहाँ तक कि फूल भी। एक दिन, एक बूढ़ी औरत मिया से मिलने आई और उसे एक चमकदार, सुनहरा पेंटब्रश दिया। "यह कोई साधारण ब्रश नहीं है," महिला ने पलक झपकाते हुए कहा। "इसमें जादुई शक्तियां हैं। आप इससे जो भी पेंट करेंगे, वह जीवंत हो जाएगा।" मिया रोमांचित हो गई। उसने बूढ़ी औरत को धन्यवाद दिया और जल्दी से घर चली गई। उस शाम, उसने कागज़ की एक बड़ी शीट पर एक सुंदर नीली चिड़िया बनाई। उसे आश्चर्य हुआ कि नीली चिड़िया पन्ने से उड़कर उसकी खिड़की पर बैठ गई। उत्साहित होकर, मिया ने एक विशाल सूरजमुखी बनाया, जो कागज़ से निकलकर उसके कमरे को रोशन कर रहा था। उसने एक जगमगाती नदी बनाई जो फर्श पर बह रही थी, और एक चंचल बिल्ली का बच्चा जो पन्ने से उछलकर उसके मुंह को सहला रहा था। मिया ने अपने जादू को गाँव के साथ साझा करने का फैसला किया। उसने भूखों के लिए भोजन, बच्चों के लिए खिलौने और शहर के चौक को रोशन करने के लिए फूल भी बनाए। गांव वाले बहुत खुश हुए और मिया को उसकी उदारता के लिए धन्यवाद दिया। एक दिन, बूढ़ी औरत वापस लौटी। उसने मुस्कुराते हुए कहा, ₹तुमने जादू का अच्छा इस्तेमाल किया है।₹ ₹लेकिन याद रखना, असली जादू तुम्हारे दिल में है।₹

मिया ने सिर हिलाया, यह समझते हुए कि उसकी दयालुता और रचनात्मकता सभी में सबसे शक्तिशाली उपहार थे। बूढ़ी औरत के आशीर्वाद से, उसने पेंटिंग करना जारी रखा और पूरे गांव में खुशी फैलाई, अपने जादू का इस्तेमाल करके दुनिया को एक उज्जवल, खुशहाल जगह बनाया।

और इस तरह, मिया की पेंटिंग्स ने न केवल रंग, बल्कि उसके आस-पास के सभी लोगों के लिए खुशी भी लाई।

## चुटकुले

•••

चिंटू (मिंटू से)- तू शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ता है?
मिंटू- इसके तीन फायदे हैं-
- खुद पर नजर रहती है।
- साथ में रिविजन हो जाता है।
- पढ़ने के लिए कंपनी भी मिल जाती है।
मिंटू की बात सुनकर चिंटू का सिर घूम गया।

•••

पति पत्नी और सिर दर्द पति- दिन भर सोती रहती हो पत्नी. अब मैं आराम भी ना करूं,
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से।
पत्नी - खुद बना लो ना, पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

•••

टीटू और रिक्शेवाले की मजेदार बातचीत...
टीटू - स्टेशन जाने का कितना लोगे?
रिक्शावाला - 50
टीटू- 20 ले लो...
रिक्शावाला - 20 में कौन ले जाएगा?
टीटू- तुम पीछे बैठो हम ले जाएंगे।


•••

पत्नी धूप में बैठकर मूंगफली खा रही थी
पति-मुझे भी दो ना मूंगफली।
पत्नी ने एक मूंगफली दे दी।
पति-बस एक..
पत्नी-और खाकर क्या करोगे बाकी सबका स्वाद भी ऐसा ही है।

•••

पति-पत्नी को मूवी देखने जाना था।
घर के बाहर पति का काफी देर तक इंतजार हो रहा था।
पति (चिल्लाते हुए)- अरे और इतनी देर लगाओगी?
पत्नी (गुस्से में) - चिल्ला क्यों रही हो? एक घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता।

## बुझो तो जानें



1.मैं जवान होने पर लंबा होता हूं और बूढ़ा होने पर छोटा। मैं क्या हूं?
2.ऐसी कौन सी चीज है जिसके छेद हैं लेकिन फिर भी उसमें पानी रहता है?
3.ऐसी कौन सी चीज है जो इतनी नाजुक है कि उसका नाम लेने से वह टूट जाती है?
4.कौन सी चीज है जो एक कोने में रहकर दुनिया भर में यात्रा कर सकती है?
5.ऐसी कौन सी चीज है जिसके बहुत सारे दांत होते हैं लेकिन वह काट नहीं सकती?
6.वह क्या है जो हमेशा आता रहता है लेकिन कभी नहीं आता?

**उत्तर**

1.एक मोमबत्ती 2.स्पंज 3.मौन 4मोहर 5.कंघी 6.कल



## कविता

**रंग बिरंगी दुनिया**

रंग बिरंगी दुनिया प्यारी,
हरियाली में छुपी है क्यारी।
नदियों में बहता है पानी,
पेड़ों पर रहती है चिड़िया रानी।

तितली उड़ती, रंग रंगीली,
फूलों पर बैठी है वो सहेली।
सतरंगी सपनों की बगिया,
आओ मिलकर सजाएँ हम दुनिया।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृष** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कर्क** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह** विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कन्या** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**तुला** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**मकर** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी।

**कुंभ** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी नाराजगी से मन खराब होगा।

**मीन** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

# मुकदमे / विवाद में तंत्र शक्ति का सामर्थ्य



**आ**ज के समय में विवाद, मुकदमे ,कानूनी लड़ाई अथवा वर्चस्व की लड़ाई, सम्पत्ति विवाद ,पारिवारिक विवाद,आम हो गए हैं। पहले के समय में संस्कार, बड़े -छोटो के सम्मान ,आपसी पंचायत, विवाद से बचने और एक दुसरे के प्रति सहिष्णुता के कारण लोग विवाद अथवा मुकदमे आदि से बचने का प्रयत्न करते थे, कभी कभी कुछ हानि पर भी लोग इनसे बचते थे,पर आज की स्थिति उलट गई है। छोटी -छोटी बातों पर,छोटे -छोटे मुद्दों पर लोग कोर्ट -कचहरी चले जा रहे ,आपस में लड़ जा रहे ,मारपीट कर ले रहे । संपत्ति विवाद ,दहेज़ उत्पीडन ,पति -पत्नी विवाद ,फौजदारी ,मारपीट ,झूठे आरोप ,धोखा ,व्यापारिक विवाद , साझेदारी के विवाद , नौकरी आदि के विवाद मुख्यतया कानूनी लड़ाई में बदलते हैं और मुकदमे शुरू होते हैं। इनमें कितना पक्ष में निर्णय आएगा अनिश्चित होता है और सम्बंधित व्यक्ति लगातार तनावग्रस्त होने के साथ ही अपनी क्षमता योग्यतानुसार कार्य भी नहीं कर पाता, जो हानि आदि हो रही हो वह अलग से।

कुछ मामले तो बड़े कष्टदायक होते हैं ,जबकि किसी को झूठा किसी केस -मुकदमे में फंसा दिया जाता है ,जैसे झूठा दहेज़ उत्पीडन का मुकदमा ,कोई आत्महत्या कर ले या किसी की हत्या हो जाए और किसी और को कोई फंसा दे या पुलिस किसी और के विरुद्ध केस बना दे, किसी कर्मचारी को बिन गलती निलम्बित कर दिया जाए या नौकरी से हटा दिया जाए, कोई किसी की संपत्ति हड़प ले झूठे आधार प्रस्तुत कर उसे उसके अधिकार से वंचित करे ,कोई किसी को बिना मतलब किसी मुकदमे में उलझा दे आदि आदि ऐसी स्थितियों में सम्बंधित व्यक्ति बेवजह उलझ कर पीड़ित होता है। कुछ उपाय मुकदमे में विजय या अनावश्यक इस तरह के कष्ट से निकलने के निम्न हो सकते हैं।

9. जिस दिन आपको कोर्ट कचहरी जाना हो उस दिन एक कागजी नींबू अपने ईष्ट को समर्पित करें फिर बलि की भावना से उसमे चारों कोनों में किसी नुकीली चीज से छिद्र करें और चारों छिद्रों में एक एक लौंग डाल दें। इस नींबू को आप अपने साथ ले जाएं और वापस आने पर किसी मंदिर अथवा वृक्ष के नीचे डाल दें।

10.यदि आपको लगता है कि आप सही हैं और आपको फंसाया गया है तो लाल कनेर के फूल पीसकर उसे अपने ईष्ट को समर्पित कर उसका तिलक करके जाएं। परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना बनेगी।

11.रविवार अथवा मंगलवार को एक मुट्ठी तिल में थोड़ी शक्कर मिलाएं तथा अपने उपर से सात बात उतारे और किसी सुनसान तिराहे पर उसे डाल दें और चुपचाप घर आकर हाथ पांव धो लें। ध्यान दें आपको कोई ऐसा करते न देखे न टोके तिराहे पर डालते समय ईश्वर से प्रार्त्न करें की आपके कष्ट दूर हों और आपको मुकदमे में विजय मिले।



प्रियंका जैन
9769994439

न्यूज़ ब्रीफ

## 'विनेश सिल्वर की हकदार', सपोर्ट में उतरे सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में धमाकेदार अंदाज में लगातार तीन मुकाबले जीतकर फाइनल तक का सफर तय कर लिया था। लेकिन उन्हें 50 किग्रा वर्ग के स्वर्ण



पदक मुकाबले से पहले 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश ने अपना वजन कम करने के लिए सभी हथकंडे अपनाए लेकिन विफल रहीं। उन्होंने अगले ही दिन सोशल मीडिया पर अपने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती करियर को भी अलविदा कह दिया। हालांकि उनके पदक जीतने की आखिरी उम्मीद अभी कायम है। विनेश ने अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त रजत पदक दिया जाए। जिसके लेकर सुनवाई होने वाली है। इस बीच भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने विनेश फोगाट के सपोर्ट में एक पोस्ट लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि विनेश फोगाट निश्चित तौर पर सिल्वर मेडल जीतने की हकदार है। उन्होंने नियमों को फिर से देखने का भी सुझाव दिया है।

## नदी-नाले लांघ घुस रहे थे सैकड़ों बांग्लादेशी, BSF ने फिर दबोचा-खदेड़ा

**कोलकाता।** बांग्लादेश में राजनीतिक संकट और हिंसा के चलते पड़ोसी देश से बड़ी संख्या में लोग भारत आने की फिराक में हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर सैकड़ों लोग इकट्ठा हैं, जिन्हें जीरो प्वाइंट पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) ने रोक लिया है। मीडिया ने बांग्लादेश में सीमा पार के वीडियो फुटेज जारी किए हैं, जिसे पश्चिम बंगाल में कूचबिहार के सीतलकुची में पथनटुली से कैप्चर किया गया है। इसे देखकर साफ पता चलता है कि खेत-सड़क के रास्ते नाकाम होने पर वे नदी-नाले लांघकर भी घुसपैठ की कोशिशों में जुटे हैं। हालांकि, बीएसएफ जवानों की तैनाती के चलते उन्हें रोक लिया गया है। कूचबिहार के पथनटुली के रहने वाले इकरामुल हक ने इसे लेकर बातचीत की। उन्होंने बताया, 'सुबह 9-9.30 बजे के आसपास बांग्लादेश के कुछ लोग सीमा पर इकट्ठा हुए। उनमें से कई अभी भी वहीं पर हैं। भीड़ अब थोड़ी कम नजर आ रही है। फिलहाल, जवानों की तैनाती के चलते उनके अचानक भारत आने की संभव नहीं है।'

## ईरान ने निकाला अपना सबसे ताकतवर हथियार, समंदर में लाएगा दुश्मन की मौत

**हमास।** इजरायल से जारी तनाव के बीच ईरान ने अपनी नई क्रूज मिसाइलों को दुनिया के सामने पेश किया है। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार, ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने शुक्रवार को कहा कि हमारी नौसेना के पास अत्यधिक विस्फोटक हथियारों से लैस नई क्रूज मिसाइलें हैं, जिनका पता किसी भी रडार के द्वारा नहीं लगाया जा सकता है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स नामक यह संगठन ईरान का सबसे शक्तिशाली सुरक्षा संगठन है। इसके द्वारा की गई इस घोषणा से यह तय है कि यह मिसाईलें 31 जुलाई को तेहरान में फिलिस्तीनी इस्लामवादी हमास के नेता इस्माइल हानियेह की हत्या का बदला लेने की तैयारी का हिस्सा है। ईरान की तरफ से ऐसा साफ कहा जा चुका है कि दुनिया चाहे जो कहे वह इजरायल से बदला लेगा।

# बांग्लादेश में हिंदु-अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा

## RSS ने की निंदा, कहा- मोदी सरकार सुनिश्चित करें सुरक्षा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा जारी है, जिस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को 'गहरी चिंता' व्यक्त की है। साथ ही भारत सरकार से उनकी सुरक्षा के लिए प्रयास करने और सभी राजनीतिक दलों से उत्पीड़न के शिकार समुदायों के साथ एकजुट रहने की भी अपील की है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने बांग्लादेश में वर्तमान में हो रही घटनाओं पर एक बयान जारी किया है। अपने बयान में होसबाले ने कहा, "आरएसएस पिछले कुछ दिनों में सत्ता परिवर्तन के लिए आंदोलन के दौरान हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हुई हिंसा की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है।"




### मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमले बर्दाश्त नहीं

अपने बयान में होसबाले ने यह भी कहा कि लक्षित हत्या, लूट, आगजनी, हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध और मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि आरएसएस इसकी कड़ी निंदा करता है।

### भारत के राजनीतिक दल एकजुट रहें

होसबाले ने आगे कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसी घटनाओं को सख्ती से रोकें और पीड़ितों के जीवन, संपत्ति और सम्मान की रक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं करें। उन्होंने वैश्विक समुदाय और भारत के राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे उत्पीड़न के शिकार हिंदुओं, बौद्धों और अन्य समुदायों के साथ एकजुट रहें।

### सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करे भारत सरकार

आरएसएस के सरकार्यवाह ने भारत सरकार से भी अपील की है कि आरएसएस उससे आग्रह करता है कि वह बांग्लादेश के मित्रवत पड़ोसी देश के रूप में उचित भूमिका निभाने का प्रयास करें और हिंदुओं, बौद्धों और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

### बांग्लादेश में क्या हुआ

गौरतलब है कि बांग्लादेश में सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद से कई हिंदू मंदिरों, हिंदू समुदाय के लोगों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है। दरअसल, नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर शेख हसीना नीत सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद देश में अव्यवस्था का माहौल हो गया था। बांग्लादेश में भड़की हिंसा में कम से कम 300 से अधिक लोग मारे गए हैं। बता दें कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को शेख हसीना की जगह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली है।

# NEET-PG परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## आखिरी समय में नहीं टल सकता एग्जाम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को होने वाली NEET-PG परीक्षा को स्थगित करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में दावा किया गया था कि परीक्षा देने वाले छात्रों को गलत सेंटर आवंटित किया गया है। खारिज में कहा गया था कि अभ्यार्थियों को ऐसे शहर दिए गए हैं जहां पहुंच पाना छात्रा के लिए मुश्किल है। दायर की गई इस याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि केवल 5 छात्रों के लिए वह दो लाख छात्रों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकते। जिसपर याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दिया कि यह मांग केवल 5 छात्रों की नहीं बल्कि 50 हजार छात्रों की है। उन्हें 50 हजार छात्रों ने मैसेज किया है।



### पीठ ने क्या कहा?

पीठ ने कहा कि हम ऐसी परीक्षा को कैसे स्थगित कर सकते हैं। आजकल लोग बस परीक्षा स्थगित करने के लिए कहते हैं, यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं। जिसपर याचिकाकर्ता का कहना है कि 185 शहरों में आयोजित की गई इस परीक्षा के लिए छात्रों को ट्रेन के टिकट भी नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में उनके लिए यात्रा करना मुश्किल होगा।

### नीट-पीजी को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि नीट-पीजी को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है, क्योंकि एक परीक्षा सुबह और एक दोपहर बाद होनी है। अनेक अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है।

## भारतीय वायुयान विधेयक-2014 ध्वनिमत से मंजूर

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, संचालन और बिक्री सहित विमानन उद्योग के विभिन्न पहलुओं को विनियमित करने के प्रावधानों वाले भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 को शुक्रवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विरोधी दलों के सुझावों को खारिज करते हुए इसे पारित किया, जिससे आने वाले दिनों में कई बदलाव दिखेंगे। विधेयक पर सदन में बृहस्पतिवार को चर्चा पूरी हो गयी थी और नागरिक विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने शुक्रवार को सदन में चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद सदन ने विभिन्न विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया तथा विधेयक को ध्वनि मत से मंजूरी दे दी। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 के कानून बनने के साथ ही विमानन कानून में मौजूदा विसंगतियों को दूर करेगा और इस उद्योग को बढ़ने में मदद करेगा। नायडू ने नये कानून की आवश्यकता को रेखांकित किया और कहा कि विमान अधिनियम, 1934 पिछले कुछ वर्षों में अपने कई संशोधनों के कारण पुराना हो गया है।

# पटना में तबाही मचा रही गंगा

## सीएम नीतीश कुमार हालात देखने पहुंचे

**एजेंसी । पटना**

बिहार की सभी नदियों में फिर एकबार उफान आया है। पटना में गंगा नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है। गांधी घाट में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पटना जिले के हाथीदह में भी गंगा लाल निशान के करीब पहुंच रही है।गंगा में पानी बढ़ने से पानी अब खेतों में फैलने लगा है। दियारा से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भी भेजा जा रहा। वहीं गंगा के जलस्तर का जायजा लेने के लिए खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।



### सीएम गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखने पहुंचे

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पटना में गंगा के जलस्तर का जायजा लेने निकले। उन्होंने गंगा का उग्र रूप देखते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। बता दें कि गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण पानी दियारा इलाके में फैलने लगा है। जिसकी वजह से दियारा के लोगों को गंगापथ के पास शरण दिया गया है।

### तेजी से बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर

गंगा का पानी अब खेतों में फैल चुका है। गंगापथ की बगल में बने 25 एमएलडी एसटीपी के भी चारों तरफ पानी फैल चुका है। जबकि गांधी घाट पर गंगा लाल निशान से ऊपर बह रही है। गंगा का पानी गांधी घाट की सीढ़ियों से ऊपर अब रिवर फ्रंट पर पहुंच चुका है।

### पटना के कई गांवों में घुसा पानी

पटना के दीघा घाट पर भी गंगा का पानी खतरे के निशान के बेहद नजदीक है। मनेर और फतुहा में भी गंगा लाल निशान से कुछ ही नीचे बह रही है। दानापुर में भी गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यहां दियारा के 7 पंचायतों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। जिसके बाद अब प्रशासन लगातार गंगा के जलस्तर पर नजर टिकाए हुए हैं। गंगा से सटे गांवों के लोग बाढ़ की आशंका से डरे-सहमे हुए हैं। हेतनपुर , पुरानी पानापुर,मानस,नवदियरी , समेत अन्य गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

# जगदीप धनखड़ पर फिर भड़की जया बच्चन

## कहा-आपकी यह टोन मुझे स्वीकार नहीं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मानसून सत्र के दौरान एक बार फिर विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। LOP पर घनश्याम तिवाड़ी द्वारा दिए गए बयान पर बवाल के बीच एक बार फिर सांसद जया बच्चन और सभापति जगदीप



धनखड़ के बीच तीखी बहस देखने को मिली। जिसका विरोध जताते हुए विपक्षी सांसद सदन से वॉक आउट कर गए। दरअसल, सभापति जगदीप धनखड़ और जया बच्चन के बीच पहले भी जया अमिताभ बच्चन कहे जाने को लेकर बहस हो चूकी है। शुक्रवार को एक बार फिर से इस नाम से बुलाए जाने के बाद बच्चन अपना आपा खोते हुए सभापति पर भड़क गई। उन्होंने कहा कि वह एक आर्टिस्ट हैं उन्हें बॉडी लैंग्वेज की अच्छी समझ है। उन्होंने सभापति द्वारा जया अमिताभ बच्चन कहकर बुलाए जाने का विरोध जताते हुए कहा कि मुझे माफ कीजिएगा, लेकिन आपकी टोन मुझे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है।

# रूस पर यूक्रेन का भीषण हमला, मार गिराए 27 लड़ाकू ड्रोन

## 30KM अंदर घुसे 1000 सैनिक; पुतिन ने किया इमरजेंसी का ऐलान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रूस-यूक्रेन जंग भीषण मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के करीब 1000 सैनिक धावा बोलते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार कर रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुस गए हैं। इसके अलावा यूक्रेनी सेना ने रूस की ओर से छोड़े गये सभी 27 लड़ाकू ड्रोनों को मार गिराया है। यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को ये जानकारी दी है। इस बीच रूस ने यूक्रेनी सैनिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ को देखते हुए कुर्स्क क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा की है। चार दिन पहले सैकड़ों यूक्रेनी सैनिकों ने सीमा पार से हमला किया था, जो यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी धरती पर कीव का सबसे बड़ा हमला है। इस बीच, रूसी अधिकारियों ने कहा कि रूसी विमान द्वारा दागी गई एक मिसाइल दिन में एक यूक्रेनी शॉपिंग मॉल पर गिरी है, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए हैं और 44 अन्य घायल हुए हैं।



### रूसी मिसाइल ने पहले भी बनाया था निशाना

यह मिसाइल यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में कोस्टियनटिनिव्का के रिहायशी इलाके में स्थित एक मॉल पर गिरी थी। पिछले साल सितंबर में भी एक रूसी मिसाइल ने वहां एक बाहरी बाजार को निशाना बनाया था, जिसमें 17 लोग मारे गए थे। उधर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यूक्रेन के दुस्साहसिक हमलों का जवाब देने के लिए कुर्स्क क्षेत्र में अतिरिक्त बलों को भेजा जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के हवाले से समाचार एजेंसी आरआईए-नोवोस्ती ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में रूस कई रॉकेट लांचर, टो किए गए आर्टिलरी गन, ट्रेलरों पर ले जाए जाने वाले टैंक और भारी ट्रैक वाले वाहन तैनात कर रहा है।

# अमृतपाल सिंह बना रहेगा सांसद

## SC ने खारिज की कट्टरपंथी के खिलाफ याचिका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह के पंजाब के खडूर साहिब से सांसद के रूप में निर्वाचन के खिलाफ दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष दावा किया कि संविधान का अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए योग्यता से संबंधित है और इसके अनुसार कोई व्यक्ति संसद की सदस्यता के लिए तब तक योग्य नहीं होगा जब तक वह भारत का नागरिक न हो। याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा कहा गया कि, 'इस मामले में प्रतिवादी संख्या चार (अमृतपाल सिंह) ने कहा था कि वह भारत के संविधान के प्रति निष्ठा नहीं रखते।' इन पर पीठ ने कहा, ' आप



निर्वाचन याचिका दाखिल करें।' याचिकाकर्ता ने कहा कि वह खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं लेकिन सिंह द्वारा पूर्व में दिए गए बयानों से 'बहुत आहत' हैं। बेंच ने कहा, 'यह साक्ष्य का मामला है। इसके लिए निर्धारित प्रक्रियाएं हैं। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में प्रावधान हैं।' इसके बाद बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा, 'धन्यवाद। खारिज की जाती है।' जेल में बंद कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए बीते 5 जुलाई को पैरोल दी गई थी।

# एससी और एसटी सांसदों को पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया भरोसा

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अध्यादेश लाने की तैयारी में केंद्र सरकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दलित समाज में एक जबरदस्त आक्रोश का महौल देखा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर देश के कई बड़े नेताओं ने भी नाराजगी जताई है। इसी मामले में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी SC-ST सांसदों से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उनके विचार को जाना, इसके साथ ही पीएम मोदी ने इस मामले में गौर करने का भरोसा भी जताया है। प्रधानमंत्री मोदी की एससी-एसटी सांसदों के मुलाकात के बाद कई सारे सवाल खड़ हो रहे हैं, जिसमें सबसे पहला सवाल ये है कि क्या अब केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अध्यादेश लाने वाली है या फिर इसके लिए पीएम मोदी ने एससी-एसटी सांसदों के समर्थन के लिए कोई और रास्ता अपनाएंगे।



### एससी-एसटी सांसदों की मांग

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आएं एससी-एसटी सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर संयुक्त रूप से एसटी/एससी के लिए क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा और मांग की कि इस फैसले को हमारे समाज में लागू नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस मामले को देखेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान और रामदास अठावले ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का विरोध किया था। जहां चिराग पासवान ने कहा था कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अपील करने वाली है।

### क्या था सुप्रीम कोर्ट का फैसला?

चलिए अब आपको हम आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में बताते है। बीते 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण को लेकर फैसला सुनाते हुए कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है ताकि जो जातियां सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं उन्हें आरक्षण मिल सके। जिसके बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया था कि राज्यों को पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के मात्रात्मक और प्रदर्शन योग्य आंकड़ों के आधार पर उप-वर्गीकरण करना होगा, न कि इच्छा और राजनीतिक लाभ के आधार पर।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## NCERT पुस्तकों से 'प्रस्तावना' हटाने का आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**

NCERT की पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को कथित तौर पर हटाए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने सदन को 'गुमराह करने' के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। इससे पहले इस मामले में शिक्षा मंत्री ने कहा था कि संविधान की प्रस्तावना छठी कक्षा की NCERT पाठ्यपुस्तकों में है। उन्होंने इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लगाए आरोपों का भी खंडन किया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को भेजे गए नोटिस में कहा



कि सात अगस्त, 2024 को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीसरी और छठी कक्षा के बच्चों के लिए NCERT द्वारा पाठ्यपुस्तकों में भारत के संविधान की प्रस्तावना को हटाए जाने का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस नेता ने कहा, 'इसके जवाब में, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बाद में (दोपहर 12 बजे) कहा कि अभी छठी कक्षा की जो पाठ्यपुस्तक आई है, उसमें भी प्रस्तावना है।'

### 'शिक्षा मंत्री के दावे गलत और भ्रामक'

राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश के अनुसार, शिक्षा मंत्री का यह दावा तथ्यात्मक रूप से ' गलत और भ्रामक' है। कांग्रेस नेता ने कहा अपने तर्क के समर्थन में तीसरी कक्षा की पाठ्यपुस्तक 'लुकिंग अराउंड' (पर्यावरण अध्ययन), नवंबर, 2022 संस्करण, हिंदी में पाठ्यपुस्तक जिसका शीर्षक "रिमझिम-3 (नवंबर, 2022 संस्करण) है और छठी कक्षा की पाठ्यपुस्तक की प्रतियां संलग्न कर पेश की।

# नीरज चोपड़ा ने जीता सिल्वर

## पाकिस्तान के अरशद नदीम ने गोल्ड पर जमाया कब्जा



एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में सीजन बेस्ट 89.45 स्कोर किया। 6 में से उनके बाकी के 5 प्रयास असफल रहे। इसके साथ ही भारत के पेरिस ओलंपिक में पदकों की संख्या 5 हो गई है। इनमें 3 शूटिंग, 1 हॉकी और 1 जेवलिन थ्रो में मिला है। वहीं, पाकिस्तान के अरशद नदीम ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 92.97 मीटर भाला फेंका, जो कि ओलंपिक रिकॉर्ड है। अपने 6 में से दो बार नदीम ने 90 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। इनके अलावा चेक गणराज्य के याकूब वालेश ने 88.50 मीटर भाला फेंका। पहले प्रयास में फाउल होने के बाद नीरज चोपड़ा ने दूसरे प्रयास में 89.45 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर सिल्वर मेडल पोजीशन हासिल की। उसके बाद नीरज के चारों प्रयास फाउल रहे हैं। पहले 3 प्रयासों के बाद नीरज चोपड़ा सिल्वर मेडल पोजीशन पर बने हुए हैं। उन्होंने 89.45 मीटर दूरी तय की है। वहीं पहले स्थान पर पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं 92.97 मीटर दूर भाला फेंका है जो कि ओलंपिक रिकॉर्ड है।

### तीसरे प्रयास में फाउल रहे नीरज


नीरज चोपड़ा अपने तीसरे प्रयास में फाउल रहे। वह 89.45 मी. थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। पहला प्रयास में फाउल होने पर दूसरे प्रयास में नीरज ने शानदार वापसी करते हुए 89.45 मीटर का थ्रो फेंका। यह उनका सीजन का बेस्ट थ्रो है, इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में नीरज ने 89.34 मीटर की दूरी पर भाला फेंका था।

### आखिरी स्थान पर रहने वाले 4 एथलीट हुए एलिमिनेट

जेवलिन थ्रो के फाइनल में पहले तीन प्रयासों में अंतिम चार स्थान पर रहने वाले एथलीट बाहर हो गए हैं। अब फाइनल में सिर्फ 8 एथलीट बचे हैं। नीरज 89.45 मीटर दूरी के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम 92.97 मीटर दूरी के साथ पहले नंबर पर हैं।

### पाकिस्तान के अरशद नदीम ने बनाया रिकॉर्ड

पाकिस्तान के अरशद नदीम नंबर-1 हैं। उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंका। ये ओलंपिक रिकॉर्ड है। अभी तक कोई भी थ्रोअर इतना भाला नहीं फेंक सका। नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो फाउल रहा है। उनसे पहले जर्मनी जूलियन वेबर और पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी फाउल थ्रो किए



# विनेश के सपोर्ट में उतरे सचिन तेंदुलकर

दोपहर संवाददाता | मुंबई

भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट के लिए पिछले कुछ दिन बहुत भारी रहे हैं। अब महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी विनेश के सपोर्ट में उतर आए हैं। याद दिला दें कि महिला कुश्ती 50 किलोग्राम कैटेगरी के फाइनल मैच से पूर्व विनेश का वजन तय मानकों से 100 ग्राम अधिक पाया गया था, जिसके चलते उन्हें पेरिस ओलंपिक्स से डिसक्वालीफाई कर दिया गया था। अब इस संबंध में सचिन ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि विनेश सिल्वर मेडल की पूरी हकदार हैं।



सचिन तेंदुलकर ने विनेश के सपोर्ट में आकर कहा, 'हर खेल के नियम होते हैं और उन नियमों को संदर्भ में देखा जाना चाहिए और कई बार उन पर दोबारा भी गौर किया जाना चाहिए। विनेश फोगाट ने बिना कोई बेईमानी करे फाइनल में जगह बनाई थी। वजन के कारण हुआ उनका डिसक्वालीफिकेशन फाइनल मुकाबले से पहले आया है, ऐसे में मुझे लगता है कि उन्हें सिल्वर मेडल ना दिया जाना सरासर बेईमानी होगी और ऐसे नियमों का कोई तुक नहीं बनता।'

विनेश फोगाट ने पहले ही राउंड में डिफेंडिंग ओलंपिक चैंपियन को हराकर सबको स्तब्ध कर दिया था। उसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल और फाइनल में भी बिना कोई बेईमानी करे मुकाबला जीता था। ऐसे में भला उन्हें कम से कम सिल्वर मेडल क्यों ना दिया जाए।

# पेरिस ओलंपिक: सर्बिया को हराकर पुरुष बास्केटबॉल के फाइनल में पहुंचा अमेरिका

एजेंसी | पेरिस

संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने 17 अंक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए की कमी को शुक्रवार तड़के (भारतीय समयानुसार) सर्बिया को 95-91 से हराकर ओलंपिक पुरुष बास्केटबॉल के फाइनल में प्रवेश किया।

एनबीए के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर लेब्रोन जेम्स के नेतृत्व वाली और लगातार पांचवें ओलंपिक खिताब की तलाश में लगी अमेरिकी टीम का सामना फाइनल में फ्रांस से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व कप चैंपियन जर्मनी को 73-69 से हराया। यूएसए के लिए गोल्डन स्टेट वॉरियर्स के स्टार स्टीफन करी ने 36 अंक बनाए और एनबीए स्कोरिंग लीडर



लेब्रोन जेम्स ने 16 अंक, 12 रिबाउंड और 10 असिस्ट के साथ ट्रिपल-डबल बनाया। वहीं, तीन बार के एनबीए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर जोकिक ने सर्बिया के लिए 17 अंक और 11 असिस्ट के साथ समापन किया, जिन्होंने शानदार बोगदान बोगदानोविक से 20 अंक प्राप्त किए।

सर्बिया को हराने के लिए यूएसए को चौथे क्वार्टर में बहुत प्रयास करना पड़ा। सर्बिया ने अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी और चौथे क्वार्टर में 76-63 से आगे हो गया, लेकिन इसके बाद केविन ड्यूरेंट और डेविन बुकर ने वापसी की शुरुआत करने के लिए बैक-टू-बैक थ्री-पॉइंटर्स लगाए। जोएल एम्बीड ने तीन-पॉइंट प्ले के साथ स्टेट्स को चार के भीतर ला दिया और जेम्स ने 3:41 मिनट शेष रहते स्कोर 84-84 से बराबर कर दिया। करी ने 2:24 मिनट शेष रहते थ्री-पॉइंटर लगाया और यूनाइटेड स्टेट्स को अपनी पहली बढ़त दिलाई। जेम्स ने ड्राइविंग लेअप के साथ पीछा किया, करी ने एक स्टील लिया और एक बास्केट के लिए ड्राइव किया जिसने यूएस की बढ़त को पांच तक पहुंचा दिया और अंततः यूएसए को फाइनल में पहुंचा दिया।

## 4x400 मीटर रिले में भारत की महिला एवं पुरुष टीमें नहीं कर सकीं क्वालीफाई

एजेंसी | पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 में शुक्रवार को महिला 4×400 मीटर रिले के पहले राउंड में भारतीय महिला टीम को हार का सामना करना पड़ा है। ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा, विथ्या रामराज और सुभा वेंकटेशन की महिला टीम हीट 2 में 3:32.51 के समय के 8वें स्थान पर रही और फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। चार भारतीय धावकों में ज्योतिका सबसे तेज थीं, जिनका समय 51.30 सेकेंड था। हीट 2 से जमाइका की टीम ने 3:24.92, नीदरलैंड ने 3:25.03, आयरलैंड ने 3:25.05 और कनाडा ने 3:25.77 का समय लेकर क्लालिफाई किया। उधर, भारतीय पुरुष टीम भी पुरुषों की 4x400 मीटर रिले दौड़ पहले राउंड में हार गई। अमोज जैकब, राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल और मुहम्मद अनस की भारतीय टीम 3:00.58 के समय के साथ हीट 2 में चौथे स्थान पर रही।

# एडिलेड टेस्ट से पहले भारत खेलेगा दो दिवसीय डे-नाइट अभ्यास मैच

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले दो दिवसीय पिंक बॉल वार्म-अप मैच खेलेगा, जब उसका सामना कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश से होगा। यह फ्लडलाइट मैच 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच के अंतराल में खेला जाएगा। पिछले दो सत्रों में प्रधानमंत्री एकादश के मैच में चार दिवसीय मुकाबला होता था, जिसमें 2022 में वेस्टइंडीज (जो भी डे-नाइट मैच था) और 2023 में पाकिस्तान शामिल है, जो परंपरागत रूप से सीमित ओवरों का मैच रहा है, लेकिन भारत के मैच को केवल दो दिनों का कर दिया गया है। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर, भारत ने एडिलेड में दिन-रात्रि टेस्ट आठ विकेट से गंवा दिया था, जब वे दूसरी पारी में अपने सबसे कम टेस्ट स्कोर 36



पर ढेर हो गए थे, लेकिन ब्रिस्बेन में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम ने 2-1 से श्रृंखला जीत ली थी। उस अवसर पर एडिलेड चार मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट था - जो कोविड-19 सीमा बंद होने की चुनौतियों के बावजूद पूरा हुआ था - जबकि इस बार श्रृंखला पर्थ में शुरू होगी और इसमें पांच टेस्ट शामिल हैं। कुल मिलाकर भारत ने सिर्फ चार दिन-रात्रि टेस्ट खेले हैं, जिसमें सबसे हालिया 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ खेला गया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू) मैच खेले हैं, जिसमें पिछले सीजन में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज से आठ रन की हार शामिल है, जो गुलाबी गेंद के खिलाफ उनकी पहली हार थी। हाल के सीज़न में प्रधानमंत्री की एकादश एक मजबूत टीम रही है जो प्रभावी रूप से ऑस्ट्रेलिया ए टीम रही है। मैट रेनशॉ ने पिछले दो मैचों में विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें उन्होंने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमशः 81, 101 और नाबाद 136 रन बनाए हैं।

# अनन्या पांडे को फिर हुआ प्यार

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे पिछले कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप के बाद अनन्या का नाम भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के साथ भी जुड़ा। अब ये बात सामने आई है कि अनन्या किसी और को डेट कर रही हैं। अनन्या का नाम एक विदेशी के साथ जोड़ा जा रहा है। हर कोई सोच रहा है कि आखिर ये शख्स कौन है। अनन्या पिछले कुछ दिनों से कठिन दौर से गुजर रही हैं। आदित्य से उनका ब्रेकअप हर किसी के लिए चौंकाने वाला था। इसके बाद अनन्या ने खुद को समय दिया। अब अनन्या ने अपनी जिंदगी में अतीत को भूलकर आगे बढ़ने का फैसला लिया है। चर्चा है कि अनन्या पूर्व मॉडल वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अंबानी परिवार के हालिया विवाह समारोह में अनन्या ने वॉकर को सभी से मिलवाया। वॉकर को अंबानी के घर की शादी में आमंत्रित किया गया था। इस शादी समारोह में दोनों एक साथ थे। कई लोगों ने उन्हें एक साथ घूमते हुए देखा। दोनों ने साथ में डांस भी किया। अनन्या और वॉकर की मुलाकात अंबानी परिवार के एक प्री-वेडिंग फंक्शन में हुई थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। हाल ही में अनन्या की एक फोटो भी वायरल हुई है। उन्हें मुंबई में स्पॉट किया गया और उन्होंने 'ऐ डब्ल्यू' का पेंडेंट पहना हुआ था। अब इन तस्वीरों को देखकर हर कोई सोच रहा था कि 'ऐ डब्लू'क्या है। 'ऐ' अनन्या है, लेकिन डब्ल्यू के बारे में क्या? फिलहाल अनन्या और वॉकर की डेट्स पर चर्चा हो रही है। इसलिए प्रशंसक पेंडेंट को वॉकर से जोड़ रहे हैं।



# 'हम आपके हैं कौन' हो गई फिर से रिलीज

'हम आपके हैं कौन' मूवी 5 अगस्त 1994 को रिलीज हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 30 साल हो चुके हैं। इस मौके पर सलमान खान और माधुरी दीक्षित स्टारर यह मूवी एक बार फिर से थिएटर्स में देखी जा सकती है। एक पूरी जनरेशन जो उस वक्त नहीं थी उनके लिए सलमान और माधुरी दीक्षित की यह आइकॉनिक फिल्म थिएटर्स में देखने का बढ़िया मौका है।



### 9 अगस्त से देख सकते हैं मूवी

राजश्री फिल्म ने हम आपके हैं कौन फिल्म की 30वीं एनिवर्सरी पर दर्शकों को खास तोहफा दिया है। मूवी पूरे देशभर के सिनेपोलिस थिएटर्स में 9 अगस्त को रिलीज की गई है। अनाउंसमेंट नोट में लिखा है, प्यार, दोस्ती और परिवार का जादू हम आपके हैं कौन के साथ फिर से जीने का मौका। फिल्म सिनेपोलिस थिएटर्स में 9 अगस्त से फिर से रिलीज की जा रही है।

हम आपके हैं कौन के गाने सुपरहिट थे और आज भी पसंद किए जाते हैं। उस वक्त इस फिल्म को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मूवी का फुटफॉल 7.79 करोड़ बताया जाता है। हम आपके हैं कौन की कहानी काफी कुछ नदिया के पार फिल्म से मिलती है। फिल्म में सलमान खान ने प्रेम और माधुरी दीक्षित ने निशा का रोल निभाया है। निशा की बहन की शादी प्रेम के बड़े भाई से होती है। इस दौरान निशा और प्रेम को प्यार हो जाता है। निशा की बहन की मौत के बाद उसकी शादी प्रेम के बड़े भाई से करने का फैसला लिया जाता है। फिर उनके पेट डॉग टफी की वजह से ट्विस्ट आता है और प्रेम और निशा हमेशा के लिए एक हो जाते हैं। प्रेम के बड़े भाई का रोल मोहनीश बहल और निशा की बहन का रोल रेणुका शहाणे ने निभाया है।

# बेबी शॉवर में युविका के साथ रोमांटिक हुए प्रिंस नरूला

रियलिटी टीवी स्टार प्रिंस नरूला और 'बिग बॉस' फेम युविका चौधरी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। शादी के छह साल बाद प्रिंस और युविका परिवार में एक नन्हें सदस्य का स्वागत करने जा रहे हैं। युविका और प्रिंस ने कुछ दिन पहले पोस्ट कर ये खुशखबरी शेयर की थी, जिसके बाद युविका का बेबी शॉवर इवेंट हाल ही में हुआ। इस इवेंट के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।


युविका चौधरी अपने पहले बच्चे के स्वागत के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने बेबी शॉवर के लिए व्हाइट ड्रेस चुनी। इस ड्रेस में वह बेहद प्यारी लग रही थीं। उनकी ड्रेस में ऑफ-शोल्डर स्लीव्स और स्वीटहार्ट नेकलाइन थी। उनके लुक को फैंस काफी पसंद करते हैं। इवेंट में युविका के पति प्रिंस नरूला ने सफेद पैंट के साथ हल्के नीले रंग की शर्ट पहनी थी। युविका चौधरी की गोदभराई में परिवार से सदस्यों के अलावा कई मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की थी। प्रिंस और युविका का एक वीडियो पैपराजी अकाउंट पर शेयर किया गया है। इसमें दोनों क्यूट पोज देते नजर आ रहे हैं। प्रिंस युविका के बेबी बंप को प्यार से चूमते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर फैंस ने कमेंट कर कपल को शुभकामनाएं दी हैं।



युविका और प्रिंस की शादी को छह साल हो गए हैं। इनकी प्रेम कहानी रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' से शुरू हुई थी। इसी शो पर उनकी मुलाकात हुई और वहीं उन्हें प्यार हो गया। प्रिंस युविका से सात साल छोटे हैं। युविका 41 साल की हैं और प्रिंस 33 साल के हैं। 'बिग बॉस' के घर में प्यार में पड़ने और कुछ सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद उन्होंने 2018 में शादी कर ली। शादी के छह साल बाद यह जोड़ा अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रहा है। ये दोनों अपने पहले बच्चे के स्वागत के लिए काफी उत्साहित हैं।

# फिल्म 'एनिमल' से डिलीट किए गए सीन सोशल मीडिया पर वायरल

रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की चर्चा अभी भी कई वजहों से हो रही है। दिसंबर, 2023 में रिलीज हुई एनिमल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। अब इस फिल्म से हटाए गए सीन की वजह से फिल्म 'एनिमल' एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म 'एनिमल' के डिलीट किए गए सीन इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। खास बात यह है कि इस दृश्य को देखने के बाद नेटिजन्स आश्चर्य व्यक्त करते पूछते नजर आ रहे हैं कि ये सीन फिल्म में क्यों नहीं लिए गए। सामने का सीन प्लेन का है। रणबीर कपूर और उनके साथी प्लेन में बैठे नजर आ रहे हैं। रणबीर कपूर नशे में धुत्त होकर पायलट के पास जाते हैं और पायलट के कंधे पर हाथ रखकर उसे उठने का इशारा करते हैं। उसके सभी साथी हैरान थे कि वह क्या कर रहा है। रणबीर ने पायलट को जगाया और उसकी जगह खुद विमान उड़ाया। इस बार रणबीर के मुंह में सिगरेट है और वह प्लेन उड़ा रहे हैं। इस सीन के बैकग्राउंड में पापा मेरी जान गाना बजता नजर आ रहा है।



# 6 को मौत की नींद सुलाने वाला साइको किलर गिरफ्तार

## सौतेली मां की आदतों और बीवी की बेवफाई ने बनाया साइको किलर

**एजेंसी । बरेली**

शाही-शीशगढ़ में महिलाओं की हत्या के पीछे साइको किलर का हाथ निकला। सौतेली मां की क्रूरता व पत्नी के छोड़ जाने के चलते वह महिलाओं के प्रति उग्र हो गया। अकेली महिला देख वह गुस्से पर काबू नहीं पा पाता और उन्हें मौत के घाट उतार देता। सौतेली मां की आदतों और बीवी की बेवफाई ने बनाया साइको किलर, हर औरत से करने लगा नफरत- 6 को सुलाया मौत की नींद। बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने आरोपी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। खास बात यह कि किसी भी घटना में उसने मुख्य मार्ग का इस्तेमाल नहीं किया। गांव की पगडंडियों से होकर खेतों-खेतों घटनास्थल पहुंचता। महिलाओं से कुछ देर बात के बाद संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध पर घटना कारित करता। जून 2023 से जुलाई 2024 में हुई महिलाओं की छह हत्या की बात आरोपित ने स्वीकारी है। आरोपित कुलदीप मूलरूप से नवाबगंज के बाकरगंज गांव का निवासी है।



### गला घोंटकर करता था हत्याएं

जून 2023 से जुलाई 2024 के बीच शाही-शीशगढ़ क्षेत्र में एकांत स्थान, जंगल व खेत में अधेड़ उम्र की महिलाओं की गला घोटकर सिलसिलेवार हत्याएं हुईं। एक-एक कर नौ घटनाएं हुईं जिसमें तीन का पुलिस ने राजफाश कर दिया लेकिन, छह घटनाएं राज बनीं रहीं। तीन जुलाई को फिर एक महिला की गला घोंटकर हत्या की गई।

### बरेली एसएसपी ने शुरू किया था ऑपरेशन तलाश

एसएसपी ने एक वार रूम की स्थापना कर राजफाश के लिए आपरेशन तलाश की शुरू किया। बाडी वार्न कैमरों से लैस होकर पुलिसकर्मियों ने गांव-गांव की पगडंडिया नापी। इस बीच आरोपित के हुलिए के बारे में पता चला। तीन स्केच जारी किये गए जिसमें से एक की पुष्टि हुई। उसी स्केच के आधार पर पुलिस आरोपित तक पहुंची।

### डीजीपी मुख्यालय से भी निगरानी, मेडल की सिफारिश

एसएसपी ने बताया कि घटना के राजफाश में सिपाही सरफराज, उत्तम कुमार, शेखर वर्मा व अमित चौधरी ने प्रशंसनीय काम किया। इसके साथ शाही एसओ अमित कुमार, दारोगा करन सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, वाजिद हुसैन, शीशपाल सिंह, सुशील कुमार, रविंद्र सिंह, शेखर वर्मा, अंकित पवार, आसिफ व मोहित ने भूमिका निभाई। आपरेशन तलाश में सर्विलांस प्रभारी रामगोपाल शर्मा, एसओजी प्रभारी सुनील शर्मा, साइबर सेल प्रभारी अभिषेक कुमार, सतेंद्र भड़ाना, सतीश कुमार, इंस्पेक्टर फतेहगंज पश्चिमी धनंजय पांडेय व देवरनिया इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरी टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। यह भी बताया कि मेडल के लिए शासन स्तर से इन पुलिसकर्मियों की सिफारिश की गई है। बता दें कि चुनौती बनी सिलसिलेवार हत्याओं की डीजीपी कार्यालय से निगरानी की जा रही थी।

### पिता की दूसरी शादी करने के बाद हुआ उग्र

पुलिस के अनुसार, आरोपित कुलदीप की दो सगी बहनें हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। सगी मां की मृत्यु हो चुकी है। पिता बाबूराम ने पहली पत्नी के जीवित रहते ही दूसरी शादी कर ली। कुलदीप का आरोप है कि पिता सौतेली मां के कहने पर मां के साथ मारपीट करता था। जिससे सौतेली मां के प्रति विद्वेष का भाव आ गया। इन सबके बीच साल 2014 में उसकी शादी हो गई। पत्नी से भी सामान्य व्यवहार नहीं रहा। कई बार उसका गला दबाने का प्रयास किया जिससे साल 2018 में वह छोड़कर चली गई। इसी के बाद वह कुंठित रहने लगा। नशे का आदी हो गया।

## खबर संक्षेप

### लगातार हार रही मायावती की बसपा को मिली संजीवनी

**लखनऊ।** विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनावों तक लगातार हार रही मायावती की बहुजन समाज पार्टी को यूपी में जीत वाली संजीवनी मिली है। बसपा ने यूपी के अंबेडकर नगर की कटेहरी प्रथम जिला पंचायत की सीट पर हुए उपचुनाव को जीत लिया है। यहां बसपा ने न सिर्फ समाजवादी पार्टी को हराया बल्कि भाजपा की तो जमानत तक जब्त हो गई है। अंबेकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना है। बसपा वैसे तो उपचुनावों से दूर रहती है लेकिन इस बार यूपी की सभी दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने की भी पहले ही घोषणा कर दी है। कटेहरी प्रथम वार्ड नंबर 18 जिला पंचायत सदस्य की सीट पर बसपा की धमाकेदार और एकतरफा जीत हुई है। यहां बसपा समर्थित दीप लता उर्फ डिंपल गौतम ने 3806 वोटों से सपा समर्थित प्रत्याशी को हराया है।

### यूपी उपुचनाव; दस में से पांच सीटों पर कांग्रेस ने किया दावा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में अब दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाला है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधनों में सीटों के बंटवारे पर मंथन चल रहा है। इस बीच इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने दस में से पांच सीटों पर अपना दावा ठोंक दिया है। कांग्रेस की तरफ से इस बाबत रिपोर्ट बनाकर केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को यह भी बताया कि कांग्रेस दस में से किन पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि अंतिम फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व को करना है। वहां से मिले निर्देशों के बाद पार्टी प्रत्याशी चयन से लेकर गठबंधन के साथियों के साथ बैठक और प्रचार का काम आगे बढ़ाएगी।

### पति ने पहले बीवी और 5 महीने की मासूम को मौत के घाट उतारा, फिर खुद का गला काटा

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले से डबल मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घरेलू विवाद में एक शख्स ने अपनी बीवी और 5 महीने की मासूम बेटी को मौत के घाट उतार दिया। फिर खुद का गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि, उसकी जान बच गई। पुलिस अभिरक्षा में आरोपी पति का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना शुक्रवार को सोनो थाना इलाके के बलथर पंचायत स्थित पेलवाजन मुस्लिम टोला में हुई। आरोपी पति का नाम ओलयत अंसारी उर्फ सोनू है। उसने अपनी पत्नी नसरीन (25) एवं बेटी अलीशा (5 माह) की हत्या कर दी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार को ओलायत का नासरीन के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का बड़ा एक्शन

## यूपी में ड्यूटी से गायब मिले 15 डॉक्टर किए जाएंगे बर्खास्त

**एजेंसी । लखनऊ**



यूपी में लापरवाह स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के खिलाफ सरकार ने अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई की जद में यूपी के अलग-अलग जिलों में करीब 15 डॉक्टर आ गए हैं। ये सभी डॉक्टर ड्यूटी से नदारद मिले थे। पहले इन्हें सस्पेंड किया गया। डिप्टी सीएम ने अब इनकी बर्खास्त के निर्देश भी प्रमुख सचिव (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) को जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग में हुई डॉक्टरों पर कार्रवाई की खबर से अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिन 15 डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश जारी हुए हैं उनमें गोरखपुर जिला चिकित्सालय में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. विजय कुमार चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी, सीतापुर के अधीन चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज अवस्थी, मुरादाबाद के मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद शबाब खान।

# इधर परीक्षा शुरू हुई उधर होने लगी नकल

## पेपर लीक में आया टीसीएस का नाम, कंपनी के तीन अधिकारी गिरफ्तार

**एजेंसी । सीतापुर**

संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआई) की नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में परीक्षा केंद्र के दो कर्मचारियों और परीक्षा आयोजक कंपनी के तीन अधिकारियों ने मिलकर सॉफ्टवेयर एक्सटेंशन तकनीक का इस्तेमाल कर पहले पर्चा निकाला, फिर उत्तर पुस्तिका तैयार करके अभ्यर्थियों में बांट दी। इस मामले में आठ नकलची अभ्यर्थी समेत परीक्षा केंद्र के एक कर्मचारी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। टीसीएस कंपनी (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) के तीन अधिकारियों और परीक्षा केंद्र के एक कर्मचारी को पुलिस ने गुरुवार देर रात कोतवाली देहात के बिजवार रेलवे ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन लैपटॉप, पांच मोबाइल, एक प्रिंटर और तीन डायरी बरामद की गई हैं। आरोपियों ने 22 अभ्यर्थियों को नकल कराने का प्रयास किया था। इसमें आठ को नकल कराने में वो सफल रहे थे। पुलिस ने नकलची अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्त कराने के साथ ही परीक्षा केंद्र और टीसीएस कंपनी पर कार्रवाई के लिए लिखा पढ़ी शुरू कर दी है।





### परीक्षा शुरू होते ही करने लगे नकल

परीक्षा 16 जुलाई को केपी सिंह मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी धोंधी में हुई थी। इस इंस्टीट्यूट में दो पालियों में परीक्षा आयोजित थी। दूसरी पाली में 153 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे। परीक्षा शुरू होते ही कुछ परीक्षार्थी पर्ची निकालकर सवाल हल करने लगे। नकल होती देख अन्य परीक्षार्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आठ नकलचियों समेत परीक्षा आयोजक कंपनी टीसीएस के अधिकारियों और परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों को पकड़कर तलागांव थाने ले गई थी।

### पूछताछ के बाद भेजा जेल

उधर, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचकर कालेज की तलाशी ली थी और संबंधित से पूछताछ की थी। इसके बाद पुलिस ने राजस्थान के करौली के हेमंत कुमार, मनमोहन योगी, दिनेश सैनी व धन सिंह मीना, सवाई माधौपुर के खुशीराम मीना तथा गंगापुर सिटी के मिथिलेश कुमार मीना, जगदीश माली व आशीष कुमार गुर्जर को जेल भेज दिया था।

### अभ्यर्थियों के हंगामे ने खोली पोल

पांचों आरोपियों ने पहले पर्चा लीक किया था। इसके बाद उत्तर पुस्तिका अभ्यर्थियों में बांटी थी। आरोपी 22 परीक्षार्थियों को नकल करना चाहते थे। हालांकि, वह आठ परीक्षार्थियों तक ही नकल की पर्ची पहुंचाने में कामयाब हो पाए थे। इसी बीच अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पुलिस ने गुरुवार को अमित, उत्कर्ष, अंकित और गौरव को गिरफ्तार किया।

# हाथ में तख्ती लेकर थाने पहुंचे 50 से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी में योगी सरकार बनने के बाद अपराधियों में पुलिस और कानून-व्यवस्था का डर साफ दिखने लगा है। पुलिस की एनकाउंटर कार्रवाई के बाद से हिस्ट्रीशीरों ने अपराध और अपराधियों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। हिस्ट्रीशीटर अब अपनी जान की भीख मांगने के लिए हाथ में तख्ती लटकाकर थाने पहुंच रहे हैं। हालांकि ऐसे नजारे पहले भी देखे जा चुके हैं, लेकिन यूपी के हरदोई जिले के अतरौली थाने में एक ऐसा नजारा दिखाई दिया जिसमें एक या दो नहीं बल्कि 50 से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर एक साथ थाने पहुंच गए। सभी के हाथ में तख्ती थी, जिसमें अपराध से दूर रहने का संकल्प लिखा था। हिस्ट्रीशीटरों ने थाने में ही लाइन लगाई। लाइन देखकर ऐसा लग रहा था कि कोटे की दुकान पर लोग रोशन लेने के लिए आए हों। इसके बाद थाने में लाइन लगाकर खड़े सभी हिस्ट्रीशीटरों को इंस्पेक्टर डीके सिंह ने क्राइम से दूर रहने की चेतावनी भी दी। अतरौली थाने के इंस्पेक्टर डीके सिंह ने कहा कि यदि अपना और अपने परिवार का भविष्य संवारना चाहते हो तो क्राइम का रास्ता पूरी तरह छोड़ कर विकास के मार्ग को अपनाओ।

# यूपी के कई इलाके में अगले सात दिनों तक होने जा रही मूसलाधार बारिश

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर भारत समेत देशभर के विभिन्न हिस्सों में अगले सात दिनों तक मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा, कई जगह आंधी तूफान व बिजली कड़कने का भी अलर्ट है। ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। मौसम



विभाग ने पूर्वोत्तर और पश्चिमी हिमालयी इलाकों में अगले सात दिनों तक बहुत भारी बारिश होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले सात दिनों तक मूसलाधार बारिश का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई।

## व्यापार जगत

# फोनपे ने लांच किया प्री-अप्रूव्ड टर्म लाइफ इंश्योरेंस

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फोनपे ने भारत में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में एक नयी पहल करने जा रहा है, जिसमें बीमा उत्पादों को समावेशी बनाने की योजना है। साथ ही व्यापक आय सत्यापन की आवश्यकता के बिना जीवन बीमा कवरेज तेजी और सुविधाजनक तरीके से देने की योजना है। इसके लिए नया फीचर पेश किया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को अपने प्लेटफॉर्म पर प्री-अप्रूव्ड टर्म लाइफ इंश्योरेंस फीचर शुरू करने की घोषणा की। इस फीचर का उद्देश्य पॉलिसी खरीदते समय आय के प्रमाण की आवश्यकता को समाप्त कर लाखों भारतीयों के लिए





बीमा कवरेज को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है। सीईओ विशाल गुप्ता ने बताया कि फोनपे कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म पर इस सुविधा को सक्षम करने के लिए प्रमुख बीमा कंपनियों के साथ भागीदारी की है। यह भागीदारी बीमा प्रदाताओं को अब अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ 30 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की सहायता करती है, जो पहले आय प्रमाण की कमी के कारण टर्म बीमा का लाभ नहीं उठा पाते थे। लाखों फोनपे उपयोगकर्ता जिनमें व्यापारी, गिग वर्कर और कई अन्य उपयोगकर्ता समूह शामिल हैं, जिनके पास वेतन या आय का औपचारिक प्रमाण नहीं है, वे अब फोनपे प्लेटफॉर्म पर टर्म इंश्योरेंस उत्पादों का लाभ उठा सकते हैं। वास्तव में कंपनी इस ऑफर को बहुत अधिक बढ़ाने और इस वर्ष के अंत तक इसे 50 मिलियन उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने के लिए अपनी पहुंच का विस्तार करने पर काम कर रही है। फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के सीईओ विशाल गुप्ता ने कहा कि हम अपने प्लेटफॉर्म पर प्री-अप्रूव्ड सम एश्योर्ड सुविधा के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं।

# आखिरी कारोबारी दिन में शेयर बाजार में तेजी

**एजेंसी । मुंबई**

सप्ताह के आखिरी कारोबार वाले दिन शुक्रवार 9 अगस्त को देश के शेयर बाजार में तेजी दिखायी दे रही है। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1,098.02 अंक उछलकर 79,984.24 अंक पर जा पहुंचा। जबकि निफ्टी 270.35 अंक बढ़कर 24,387.35 अंक पर पहुंच गया। वहीं रुपया शुरुआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.95 पर देखा गया है। निफ्टी 24,387.35 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शुरुआती रुझानों में सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी और 1 में गिरावट दिखायी दे रही है। अमेरिकी और एशियाई बाजारों में तेजी के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में घरेलू सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल आया। घरेलू बाजार बृहस्पतिवार की गिरावट से उबरे और 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1,098.02 अंक बढ़कर 79,984.24 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 270.35 अंक चढ़कर 24,387.35 अंक पर रहा।





### 30 कंपनियों के शेयर मुनाफे में

सेंसेक्स में सूचीबद्ध सभी 30 कंपनियों के शेयर मुनाफे में रहे। टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे अधिक तेजी आई। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की-225, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायेद में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0 .14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79 .27 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे और शुद्ध रूप से 2,626 .73 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर बेचे।

### रुपया शुरुआती कारोबार में 8 पैसे मजबूत

घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे मजबूत होकर 83 .89 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 83 .95 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83 .89 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 83 .97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0 .03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103 .17 पर रहा।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक के नतीजे आये सामने

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जुलाई के महीने में कई कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए है। भारती एयरटेल के द्वारा संचालित की जाने वाली फाइनेंशियल कंपनी एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भी गुरूवार को अपनी पहली तिमाही में हुए कारोबार के नतीजे शेयर किए है। इन नतीजों के आधार पर कंपनी ने बताया है कि एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इस साल की पहली तिमाही में जमकर कमायी की है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के अप्रैल से जून के बीच हुए कारोबार में अन्य डिजिटल पेशकश के साथ डिजिटल बचत बैंक खातों में बढ़त देखने को मिली है। अपनी पहली तिमाही के नतीजों की रिपोर्ट के आधार पर कंपनी ने पहली तिमाही में सालाना आधार पर 7.2 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी के सालाना आधार पर होने वाले शुद्ध लाभ में करीब 41 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही के नतीजे जारी करते हुए कहा कि पहली बार उसका तिमाही राजस्व बढ़कर 610 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक है। आलोच्य अवधि में भुगतान बैंक का शुद्ध लाभ 7.2 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही की






तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। बीती तिमाही में लेनदेन करने वाले मासिक उपयोगकर्ता (एमटीयू) 8.8 करोड़ से अधिक हो गए। इससे ग्राहक जमा सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 2,943 करोड़ रुपये हो गई। बैंक का वार्षिक सकल उत्पाद मूल्य (जीएमवी) 340 अरब रुपये से अधिक है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुब्रत बिस्वास ने कहा, ''भारत के लिए अपने प्रमुख सुरक्षित दैनिक लेनदेन खाते की मजबूत वृद्धि और सभी व्यवसायों में डिजिटल भुगतान में उछाल के कारण बीती तिमाही में वृद्धि हुई है।" एयरटेल पेमेंट्स बैंक एक भारतीय भुगतान बैंक है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। कंपनी भारती एयरटेल की सहायक कंपनी है।

# RBI ने डिजिटल ऐप को लेकर लिया फैसला, डेलिगेटेड पेमेंट्स की शुरूआत का रखा प्रस्ताव

**एजेंसी । मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने गुरूवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में कई महत्वपूर्ण वित्तीय योजनाओं को लेकर फैसले लिए है। इस बैठक में आरबीआई ने डिजिटली लोन देने वाले ऐप को लेकर भी कुछ प्रस्ताव सामने रखे है। केंद्रीय बैंक ने डिजिटल लोन देने वाले ऐप की अनधिकृत इकाइयों पर रोक लगाने के लिए उन ऐप्स के सार्वजनिक तौर पर आंकड़े जमा करने का प्रस्ताव रखा है।

केंद्रीय बैंक ने एक अन्य महत्वपूर्ण





कदम में यूपीआई में 'डेलिगेटेड पेमेंट्स' की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। 'डेलिगेटेड पेमेंट्स' एक व्यक्ति (प्राथमिक उपयोगकर्ता) को किसी अन्य व्यक्ति (द्वितीयक उपयोगकर्ता) को प्राथमिक उपयोगकर्ता के बैंक खाते से एक सीमा तक यूपीआई लेनदेन करने की अनुमति देने में सक्षम बनाएगी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक ने भारत में डिजिटल ऋण परिदृश्य के व्यवस्थित विकास के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि अनधिकृत डिजिटल ऋण देने वाले ऐप (डीएलए) से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए आरबीआई ने बैंक तथा एनबीएफसी के डीएलए के आंकड़े (रिपॉजिटरी) तैयार करने का प्रस्ताव किया है। दास ने कहा, " विनियमित संस्थाएं (आरई) इसमें अपने डीएलए के बारे में जानकारी देंगे और समय के साथ उसे अद्यतन भी करेंगी। इस कदम से उपभोक्ताओं को अनधिकृत ऋण देने वाले ऐप की पहचान करने में मदद मिलेगी।" यूपीआई के जरिये 'डेलिगेटेड पेमेंट्स' की शुरुआत के बारे में गवर्नर दास ने कहा कि इस सुविधा से एक व्यक्ति (प्राथमिक उपयोगकर्ता) किसी अन्य व्यक्ति (द्वितीयक उपयोगकर्ता) को अपने बैंक खाते से एक सीमा तक यूपीआई लेनदेन करने की अनुमति दे सकेगा।